
दैनिक
# रेवांचल टाइम्स
निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

Revanchal Times
7509202320
@revanchal_times
revanchaljabalpur@gmail.com
revanchaltimes_

■ वर्ष - 09 ■ अंक - 105 ■ मंडला, मंगलवार 15 जुलाई 2025 ■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-1 रूपये ■ विक्रम संवत् 2082 शक 1935 ■ www.revanchaltimes.com

लेकिन नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बनी रहे; आरोपी की गिरफ्तारी पर रोक लगाई

# सुप्रीम कोर्ट बोला: केंद्र-राज्य सरकारें हेट स्पीच को रोकें



**नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा- केंद्र और राज्य सरकारें हेट स्पीच यानी नफरत फैलाने वाले भाषणों को रोकें। साथ ही इस बात का ध्यान रखें कि नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन न हो। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा- लोग नफरत भरे भाषण को बोलने की आजादी समझ रहे हैं, जो गलत है। लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर जागरूक करने की जरूरत है, ताकि सरकार को इसे नियंत्रित करने की जरूरत न पड़े। सुप्रीम कोर्ट ने ये बातें कोलकाता के वजाहत खान की याचिका पर सुनवाई के दौरान की। उस पर कई राज्यों में सोशल मीडिया पर नफरत और सांप्रदायिक अशांति भड़काने वाला कंटेंट पोस्ट करने के आरोप में मामले दर्ज किए गए हैं।**

**SC बोला- लोगों को हेट स्पीच कंटेंट को लाइक नहीं करना चाहिए-** सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, राज्यों और वजाहत खान के वकील से सुझाव मांगे कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को नुकसान पहुंचाए बिना हेट स्पीच को कैसे नियंत्रित किया जा सकता है। कोर्ट कहा- लोगों को हेट स्पीच क्यों अटपटे और गलत नहीं लगते हैं। ऐसे कंटेंट पर नियंत्रण होना चाहिए। साथ ही लोगों को भी ऐसे नफरत भरे कंटेंट को शेयर करने और लाइक करने से बचना चाहिए।

## वकील बोला- मेरे क्लाइंट ने माफी मांग ली है

सुप्रीम कोर्ट ने खान की गिरफ्तारी पर रोक जारी रखी है। साथ ही कहा, बार-बार FIR और जेल भेजने से क्या फायदा? क्या वास्तव में सभी केस एक ही ट्वीट से जुड़े हैं? इस पर खान के वकील ने कहा- मेरे क्लाइंट ने पुराने ट्वीट्स को लेकर माफी मांग ली है। मैं सिर्फ यही चाहता हूं कि कोर्ट यह देखे कि सभी ऋक्षक्ष वाकई इन्हीं ट्वीट्स से जुड़ी हैं या नहीं।

## लोअर कोर्ट ने दी थी खान को जमानत

वजाहत खान को कोलकाता पुलिस ने 9 जून को गिरफ्तार किया था। यह फोटो पुलिस ने जारी की थी। 22 वर्षीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और कानून की छात्रा शर्मिष्ठा पनोली के खिलाफ नफरत फैलाने और धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। उस पर इठर की धारा 196 (1) (ए) / 299/352/353 (1) (सी) के तहत मामला दर्ज किया गया था। 9 जून को कोलकाता पुलिस ने खान को गिरफ्तार किया था। हालांकि 3 जुलाई को उन्हें एक निचली अदालत से जमानत मिल गई थी।

## पिछली सुनवाई में क्या हुआ था

24 जून को पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने केंद्र सरकार और असम, दिल्ली, हरियाणा और पश्चिम बंगाल सरकारों को नोटिस जारी किया था। इसमें उनसे जवाब मांगा था कि खान के खिलाफ दर्ज FIR को एक जगह कैसे जोड़ा जा सकता है। साथ ही खान की अन्य राज्यों में दर्ज FIR में गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। खान के वकीलों ने कोर्ट को बताया था कि उनके क्लाइंट के खिलाफ दर्ज ये मुकदमा शर्मिष्ठा पनोली ने बदला लेने के लिए किया है। पुणे के एक कॉलेज से लॉ की पढ़ाई करने वाली शर्मिष्ठा को 30 मई को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया था। वजाहत ने शर्मिष्ठा पनोली के खिलाफ गार्डन रीच पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। उस पर आरोप है कि उसने सोशल मीडिया पर ऑपरेशन सिंदूर के संबंध में अभद्र और सांप्रदायिक टिप्पणी की। हालांकि पनोली ने बाद में उस पोस्ट को डिलीट कर दिया और माफी मांगी थी। बाद में कलकत्ता हाईकोर्ट ने शर्मिष्ठा पनोली को कुछ शर्तों के साथ अंतरिम जमानत दे दी।

AAIB की रिपोर्ट के बाद लिया ये फैसला

# DGCA का अहम आदेश: सभी बोइंग विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच जरूरी



नई दिल्ली। भारत के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने देश में संचालित होने वाली सभी एयरलाइनों, विशेष रूप से बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों का उपयोग करने वाली कंपनियों को अपने फ्यूल कंट्रोल स्विच की लॉकिंग मैकेनिज्म की जांच करने का निर्देश देने की योजना बनाई है। यह कदम 12 जून, 2025 को अहमदाबाद में हुई एअर इंडिया विमान की भीषण दुर्घटना पर एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इंवेस्टीगेशन ब्यूरो (एएआइबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद उठाया जा रहा है।

**AAIB की रिपोर्ट में क्या आया सामने?** उक्त रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि दुर्घटनाग्रस्त विमान के दोनों इंजनों में ईंधन की आपूर्ति को नियंत्रित करने वाले दोनों फ्यूल कंट्रोल स्विच "रन" से "कटऑफ" स्थिति (चालू से बंद) में चले गये थे। बहुत संभव है कि इससे ही उक्त दुर्घटना हुई हो।

**जल्द जारी होगा औपचारिक आदेश-** डीजीसीए के सूत्रों का कहना है कि इस बारे में जल्द ही एक औपचारिक आदेश जारी किया जाएगा जिससे बोइंग 787 विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच की लॉकिंग मैकेनिज्म की जांच अनिवार्य की जाएगी। वैसे डीजीसीए के इस बारे में फैसला करने से पहले ही एतिहाद और सिंगापुर एयरलाइंस जैसे कुछ अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों ने स्वैच्छिक तरीके से जांच शुरू कर दी है।

**पायलटों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की दी चुकी है सलाह**
एतिहाद ने 13 जुलाई को अपने बोइंग 787 बेड़े के लिए एक इंजीनियरिंग वर्क इंस्ट्रक्शन जारी किया, जिसमें स्विच की लॉकिंग मैकेनिज्म की जांच और पायलटों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई। वैसे डीजीसीए ने एयर इंडिया विमान हादसे के बाद बोइंग 787 विमानों की विस्तृत निगरानी पहले ही शुरू कर चुका है, नया निर्देश इस दिशा में एक और कदम होगा।

**क्यों फ्यूल स्विच को लेकर उठने लगे सवाल?-** सनद रहे कि एयर इंडिया दुर्घटना पर एएआइबी की रिपोर्ट के बाद वैश्विक उड्डयन सेक्टर में सुरक्षा इंतजामों और खास तौर पर फ्यूल कंट्रोल स्विच को लेकर नये सिरे से चर्चा हो रही है। एतिहाद ने अपने एक बोइंग 787 की जांच तब शुरू की, जब वह हैदराबाद के लिए उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद अबू धाबी लौट आया। कंपनी ने बताया कि उसने यह कदम अतिरिक्त सावधानी" के तौर पर उठाया है। सिंगापुर एयरलाइंस ने भी अपने 787 बेड़े की जांच शुरू की, जिससे यह संकेत मिलता है कि वैश्विक एयरलाइंस इस मुद्दे को गंभीरता से ले रही हैं। एएआइबी ने 11-12 जुलाई को आधी रात को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सार्वजनिक की थी।

**FAA के पुराने बुलेटिन का दिया गया हवाला-** इसमें 17 दिसंबर, 2018 को अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) द्वारा जारी एक स्पेशल एयरवर्थनेस इन्फॉर्मेशन बुलेटिन का उल्लेख किया गया है जिसमें बोइंग 787 सहित कई मॉडलों में फ्यूल कंट्रोल स्विच की लॉकिंग मैकेनिज्म में गडबड़ी होने की संभावना को चिन्हित किया गया था। हालांकि इस बुलेटिन को मानने की बाध्यता कंपनियों पर नहीं थी। यह सिर्फ सलाह के तौर पर था। दुर्घटनाग्रस्त विमान के काकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) में दर्ज बातचीत में एक पायलट को दूसरे से पूछते सुना गया, तुमने फ्यूल क्यों बंद किया?" जिसका जवाब था, मैंने नहीं किया।'

# नेशनल हेराल्ड मामले में फैसला 29 जुलाई को



**नई दिल्ली। दिल्ली की एक विशेष अदालत नेशनल हेराल्ड से संबंधित धन शोधन के एक मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोपों का संज्ञान के संबंध में 29 जुलाई को फैसला सुनाएगी।**

राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत के न्यायाधीश विशाल गोगने ने सोमवार को फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि ईडी के आरोपों का संज्ञान लेना चाहिए या नहीं, इस पर 29 जुलाई को कोई आदेश पारित किया जाएगा। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सोनिया गांधी और लोक सभा में विपक्ष के नेता अलावा, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, यंग इंडियन, डॉटेक्स मर्चेंडाइज और सुनील भंडारी को आरोपी बनाया है। ईडी का आरोप है कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) (नेशनल हेराल्ड प्रकाशक) की संपत्ति अवैध रूप से हासिल करने के लिए एक आपराधिक साजिश रची गई और एजेएल के शेयर कानून को ताक पर रखकर यंग इंडियन को हस्तांतरित किए गए। ईडी का आरोप है कि 2,000 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की कंपनी एजेएल की संपत्तियों के कथित धोखाधड़ीपूर्ण अधिग्रहण से प्राप्त ह्यअपराध की आयह्ल का यंग इंडियन नामक कंपनी द्वारा कथित तौर पर शोधन किया गया था। ईडी का कहना है कि शेयरों का मूल्य, एजेएल की अचल संपत्तियां और उनसे प्राप्त किराया, कथित तौर पर अपराध की आय है। उधर, प्रतिवादियों (गांधी परिवार और अन्य) ने अदालत के समक्ष ईडी के उन आरोपों का खंडन किया है।

# बैडमिंटन प्लेयर साइना नेहवाल पति से अलग हुई



**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन प्लेयर साइना नेहवाल ने रविवार देर रात अपने पति और बैडमिंटन प्लेयर पारुपल्ली कश्यप (पी. कश्यप) से अलग होने की जानकारी दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी में लिखा, 'बहुत सोच-विचार के बाद, कश्यप और मैंने अलग होने का फैसला किया है।' साइना ने लिखा, 'जिंदगी कभी-कभी हमें अलग-अलग दिशाओं में ले जाती है। हम एक-दूसरे के लिए शांति, तरक्की और उबरना चुन रहे हैं। मैं उनके साथ सभी यादों के लिए आभारी हूं और आगे के लिए शुभकामनाएं देती हूं। हमारी निजता को समझने और उसका सम्मान करने के लिए धन्यवाद।'

**7 साल पहले हुई थी शादी, ट्रेनिंग के दौरान मिले थे-** साइना नेहवाल ने 14 दिसंबर, 2018 को कश्यप पारुपल्ली के साथ लव मैरिज की थी। दोनों 2007 से रिलेशनशिप में थे। हालांकि 2005 से एक-दूसरे को जानते थे। अपने करियर के शुरूआती दिनों में दोनों हैदराबाद के पुलेला गोपीचंद एकेडमी में एक साथ ट्रेनिंग करते थे। एकेडमी में ट्रेनिंग के दौरान ही दोनों मिले थे। दोनों इस खेल में काफी आगे बढ़े। लंबे समय तक रिलेशनशिप में रहने के बाद 2018 में दोनों ने शादी की थी। हालांकि शादी तक दोनों की रिलेशनशिप के बारे में लोगों को भनक भी नहीं थी।

# ISS से रवाना हुए शुभांशु शुक्ला मंगलवार को होगी धरती पर वापसी

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अन्य तीन साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ सोमवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से रवाना हो गये। एग्जिओम स्पेस ने इस बात की पुष्टि की है कि एएक्स 4 मिशन में शामिल स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्षयान भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद 4.35 बजे आईएसएस से अलग हो गया। एग्जिओम स्पेस ने बताया कि अब कई चरणों में अंतरिक्षयान के इंजन को चालू कर उसे आईएसएस से दूर ले जाया जाएगा। सेपरेशन के लगभग 22.5 घंटे बाद सभी यात्री अमेरिका के कैलिफोर्निया तट के पास समुद्र में उतरेंगे। आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट के तौर पर शामिल हुए थे। अपने साथियों के साथ वहां उन्होंने कई अनुसंधान मिशनों को अंजाम दिया, जिनमें इसरो द्वारा तैयार किए गए मिशन भी शामिल थे। खास बात यह है कि भारतीय वायु सेना में टेस्ट पायलट शुक्ला देश के पहले अंतरिक्ष मिशन ह्यगगनयानह्ल के लिए चयनित संभावित क्रू में भी शामिल



हैं। वह इस क्रू में एक मात्र ऐसे सदस्य बन गये हैं, जिनके पास अब अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव है, जो मिशन के लिए महत्वपूर्ण है। मिशन की लॉन्चिंग 25 जून को हुई थी और मिशन 26 जून को आईएसएस पहुंचा था। इसके मंगलवार अपराह्न 3.01 बजे धरती पर वापस लौटने की उम्मीद है। ग्रुप कैप्टेन शुभांशु शुक्ला राकेश शर्मा के 41 साल बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक कल्पना चावला और सुनीत विलियम्स नासा के मिशनों में आईएसएस पर जा चुकी हैं।

# बांग्लादेश ने PM मोदी को 1000 किलो आम भेजे




**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने ह्यहरिभंगाह्ल किस्म के 1,000 किलोग्राम आम भारत भेजे हैं। इन्हें ढट मोदी, भारत के राजनयिकों और दूसरे अधिकारियों को उपहार में दिए जाएंगे। भारत के साथ रिश्तों को बेहतर बनाने की कोशिश के तहत बांग्लादेश की इस पहल को ह्यमैंगो डिप्लोमेसीह्ल कहा जा रहा है। इसके तहत अंतरिम सरकार ने न सिर्फ केंद्र सरकार को, बल्कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा को भी हरिभंगा आम भेजे हैं। ये 300 किलोग्राम आम 60 डिब्बों में पैक करके गुरुवार शाम करीब 5:15 बजे अखौरा लैंड पोर्ट के जरिए भेजे गए।

**यूनुस ने आम भेजने की परंपरा जारी रखी-** बांग्लादेश में ह्यहरिभंगाह्ल प्रीमियम आम माना जाता है। इनकी गुणवत्ता बहुत अच्छी मानी जाती है। भारत में इसे काफी पसंद किया जाता है। बांग्लादेशी अखबार डेली सन की रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश उच्चायोग के एक अधिकारी ने बताया कि ये आम सद्भावना के प्रतीक के तौर पर भेजे गए हैं और सोमवार को नई दिल्ली पहुंचने वाले हैं। बांग्लादेश से भारत में आम भेजने की यह परंपरा नई नहीं है। पहले की सरकारें भी भारत को आम भेजती रही हैं। इस बार यह कदम खास इसलिए माना जा रहा है, क्योंकि पिछले साल छात्रों के नेतृत्व में हुए बड़े प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटना पड़ा था। उनके हटने के बाद भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में थोड़ी दूरी आ गई थी, क्योंकि हसीना भारत की करीबी मानी जाती थीं। ऐसे में सवाल उठ रहे थे कि क्या इस परंपरा को जारी रखा जाएगा या फिर यह बंद हो जाएगी।

संसद के मानसून सत्र से इलेक्ट्रॉनिक तरीसे अटेंडेंस लगाएंगे सांसद

# अब सीट पर ही लगेगी सांसदों की हाजिरी

**नई दिल्ली।** लोकसभा अपने सदस्यों के लिए 21 जुलाई से शुरू हो रहे आगामी मानसून सत्र से एक नई उपस्थिति प्रणाली लागू करने जा रही है। हाजिरी लगाने की इस इलेक्ट्रॉनिक व्यवस्था के तहत सांसदों को सदन के अंदर बैठने के अपने निर्धारित स्थान पर अपनी उपस्थिति दर्ज करनी होगी। जबकि यह उपस्थिति पहले सभी सदस्यों को संसद भवन की लाबी में रजिस्टर पर दर्ज करनी होती थी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह अटेनडेंस लगाने की प्रणाली समय की बचत में मदद करेगी क्योंकि कई बार संसद भवन के गलियारे में सांसदों की भीड़ लग जाती है। इसके अलावा, कुछ संसद सदस्य अपनी उपस्थिति दर्ज करने के बाद बिना सदन की कार्यवाही में भाग लिए ही वापस चले जाते थे। ऐसे कई मामले सामने आने के बाद अगले संसद सत्र से यह नहीं व्यवस्था लागू की जानी है। ताकि सदन के नियमित कामकाज में सभी सदस्यों की उपस्थिति बढ़े।

**नई प्रथा लागू करने के लिए उत्सुक ओम बिरला-** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इस नई प्रथा को लागू करने के लिए उत्सुक हैं और उन्होंने कहा कि लॉबी में उपस्थिति रजिस्टर कुछ समय के लिए जारी रहेगा, ताकि सांसदों को इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली से परिचित होने का समय मिल सके। बिरला ने पिछले वर्ष सदस्यों को लॉबी में लेक्ट्रॉनिक टैबलेट पर डिजिटल पेन का उपयोग करके अपनी उपस्थिति दर्ज करने का विकल्प दिया था, जो कि संसद को पेपरलेस बनाने के प्रयासों का हिस्सा था। यह ध्यान देने योग्य है कि मंत्रियों और विपक्ष के नेता को अपनी उपस्थिति पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता नहीं होती है। सदस्यों को संसद सत्र के दौरान अपने दैनिक भत्ते प्राप्त करने के लिए भी अपनी उपस्थिति दर्ज करनी होती है।




घटना स्थल पर जल्दी पहुंचेंगे वाहन, कैमरों से होगी निगरानी

# खत्म हुआ इंतजार...प्रदेश में अगले माह से दौड़ने लगेंगी नई डायल 100 गाड़ियां, एडवांस फीचर्स से होगी लैस

**भोपाल।** प्रदेश में नई डायल 100 गाड़ियों की छह वर्ष की प्रतीक्षा खत्म हो रही है। अगस्त 2025 से प्रदेश में नए वाहन दौड़ने लगेंगे। शहरी क्षेत्र में स्कार्पियो एन और ग्रामीण क्षेत्र में बोलेरो गाड़ियां चलेंगी। अभी एक हजार वाहन चल रहे हैं, पर आवश्यकता को देखते हुए इनकी संख्या दो हजार की जा रही है। अगस्त में एक साथ 1200 वाहन प्रारंभ होंगे।

## घटना स्थल पर जल्दी पहुंच सकेगी पुलिस

इसके बाद प्रतिवर्ष 200 वाहन बढ़ाकर चार वर्ष में इनकी संख्या दो हजार की जाएगी। अभी एक थाने में एक वाहन है जो दो हो जाएंगे। वाहनों की अधिक संख्या और नए होने से पुलिस घटना स्थल पर जल्दी पहुंच सकेगी। नए वाहनों के साथ कई सुविधाएं भी बढ़ जाएंगी। वाहनों में कैमरे भी लगे रहेंगे। पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि वाहन आ चुके हैं।

## वाहनों की हालत हो चुकी थी खस्ता

बता दें कि अभी बीवीजी कंपनी डायल 100 का संचालन कर रही है। वर्ष 2020 में उसका अनुबंध पूरा हो गया पर कभी कोर्ट केस तो कभी प्रशासनिक स्वीकृति के कारण निविदा प्रक्रिया उलझी रही। ऐसे में पुरानी कंपनी को ही कई बार छह-छह माह का सेवा विस्तार दिया गया। वाहनों की हालत खस्ता हो चुकी है, जिससे पुलिस को घटना स्थल पर पहुंचने में भी देरी हो रही है।




## नई कंपनी आने पर ये सुविधाएं बढ़ेंगी

- वाहनों में सीसीटीवी कैमरे और तैनात पुलिसकर्मियों को बॉडीवार्न कैमरे दिए जाएंगे, जिससे घटनास्थल की रिकार्डिंग हो सके।
- जीपीएस के माध्यम से फोन करने वाले की सही लोकेशन ली जाएगी। इसके लिए निजी मैप प्रोवाइडर की मदद ली जाएगी।
- काल सेंटर में फोन उठाने वालों की संख्या 80 से बढ़ाकर 100 की जाएगी।
- ऐसी सुविधा रहेगी, जिसमें फोन करने वाले का नंबर डायल 100 के पुलिसकर्मियों को पता नहीं चलेगा।
- गाड़ियों में मोबाइल डेटा टर्मिनल की सुविधा रहेगी।

मां रेवा पब्लिकेशन एंड प्रिंटर्स
जबलपुर शहर में सबसे कम दामों में
समाचार पत्र के A to Z कार्य का एकमात्र स्थान
प्रिंटिंग
जॉब वर्क
न्यूज पेपर
पीडीएफ
संपर्क करें 7415685293 7509202320 9340553112
68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड, मुस्कान प्लाजा के पीछे, एम आर 4 रोड, उखरी, जबलपुर (मप्र)

# शिकायतों पर भी चुप्पी, प्रशासन की खामोशी से भू-माफिया के हौसले बुलंद!

## दैनिक रेवांचल टाइम्स, ग्राउंड फॉलोअप- जबलपुर विशेष रिपोर्ट





## कलेक्टर को शिकायत, तहसीलदार की पुष्टि, फिर भी कार्रवाई ZERO
## जमीन शासन की, कब्जा माफिया का - प्रशासन बना मूक दर्शक!










श्रीमान कलेक्टर महोदय जी आपसे करबद्ध प्रार्थना है कि उक्त शासकीय भूमि (सीलिंग भूमि) पर हो रही अवैध प्लाटिंग की जांच करवा कर कब्जाधारियों पर कठोर कार्यवाही करने की दया करें।

प्रार्थी
अवधेश पटेल
(पत्रकार / समाज सेवी)
9424987110




वार्ड नंबर 77, सुभाष नगर की खसरा नंबर 88/1 की जमीन पर भू-माफिया का कब्जा अब पूरी तरह से बेनकाब हो चुका है। शिकायतें दी गईं, दस्तावेजों में जमीन की स्थिति स्पष्ट हो चुकी, निर्माण कार्य दिनदहाड़े जारी है झ लेकिन प्रशासन का रवैया 'तमाशबीन' से ज्यादा कुछ नहीं दिख रहा।

### शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई क्यों नहीं?

शिकायतकर्ता अवदेश पटेल द्वारा दी गई शिकायत के बाद तहसील कार्यालय ने खुद माना कि: भूमि शासन की है, और इसका कोई वैध विक्रय नहीं हुआ है। तो फिर अब बड़ा सवाल यह है कि: क्या प्रशासन की चुप्पी माफिया के लिए अप्रत्यक्ष मंजूरी है?

### क्यों नहीं रुकवाया गया निर्माण?

क्या भू-माफिया के खिलाफ कार्रवाई की हिम्मत प्रशासन खो चुका है? प्रशासनिक उदासीनता से भू-माफिया बेखौफ, निर्माण कार्य अब और तेजी से चल रहा है, मौके पर अब नींव से ऊपर दीवारें उठ चुकी हैं, जमीन की बाउंड्री कर दी गई है, और कथित तौर पर प्लॉट भी बेचे जा रहे हैं, कोई नक्शा पास नहीं, कोई सरकारी बोर्ड नहीं - लेकिन सब कुछ खुल्लमखुल्ला

### स्थानीय निवासियों में आक्रोश

**सुभाष नगर के रहवासियों का कहना है कि:** हमने कई बार शिकायतें दीं, लेकिन कार्रवाई तो छोड़िए, अधिकारी मौका देखने तक नहीं आए। ऐसे में लग रहा है जैसे माफिया और प्रशासन की आपसी समझ है।

**अब जरूरी है - जनदबाव और मीडिया की सतत निगरानी-** इस तरह की घटनाएं यह साफ करती हैं कि अगर मीडिया और जनता दबाव न बनाए, तो जिम्मेदार तंत्र आंखें मूंदे रहता है।

**अब यह जरूरी है कि:** प्रशासन इस जमीन पर तत्काल प्रभाव से निर्माण रुकवाए. संबंधित माफियाओं पर FIR दर्ज की जाए. नगर निगम और राजस्व विभाग की मिलीभगत की निष्पक्ष जांच हो शासन इस मामले में सीधे हस्तक्षेप करे इस मुद्दे पर हमारी अगली रिपोर्ट में हम उजागर करेंगे - किन अफसरों की चुप्पी से फल-फूल रहा भू-माफिया!

---



# विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष में हस्तनिर्मित कपड़े और मिट्टी के ज्वेलरी निर्माण विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य में युवाओं के कौशल में दक्षता हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण का कौशल विकास संस्थान,रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया।प्रशिक्षण के प्रथम दिवस प्रतिभागियों को अनुभवी संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में हस्तनिर्मित कपड़े और मिट्टी के आभूषण बनाने की कला सिखाया गया। निदेशक प्रो.सुरेंद्र सिंह ने इस अवसर पर बताया कि प्रतिभागीयों को हस्तनिर्मित कपड़े और मिट्टी के ज्वेलरी बनाने की विभिन्न तकनीकें सिखाया जा रहा है जैसे कि वायर वर्क, बीडिंग, और मेटल स्टैम्पिंग। वे अद्वितीय आभूषण टुकड़ों को डिजाइन और बनाने में हाथों-हाथ अनुभव प्राप्त कर रहे है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ अजय मिश्रा ने बताया कि विश्व युवा कौशल दिवस 15जुलाई को है इस उपलक्ष्य में कार्यशाला का आयोजन फैशन, डिजाइन और आभूषण बनाने के छात्रों, और डिजाइनरों, और हस्तनिर्मित कपड़े और मिट्टी के आभूषण में रुचि रखने वाले शौकीनों और उत्साहियों के लिए उपयुक्त है।इस कार्यशाला में कोई भी व्यक्ति जो अपनी रचनात्मकता को नया आयाम देना चाहता है, वह इस कार्यशाला में भाग ले सकता है। प्रशिक्षक श्रीमती प्रियंका सिंह एवं सुश्री जवफिशा मनसब अंसारी ने बताया कि हस्तनिर्मित आभूषण कार्यशाला में छात्र छात्राओं को अपनी रचनात्मकता को विकसित करने और नए कौशल सीखने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्रों के लिए बहुत ही उपयोगी होती हैं और उन्हें अपने भविष्य के लिए तैयार करने में मदद करती हैं। डॉ मीनल दुबे ने बताया कि कार्यशाला में अनुभवी संकाय सदस्यों और उद्योग विशेषज्ञों के साथ बातचीत करने का अवसर मिला, जिससे छात्रों को अपने सवालों के जवाब पाने और अपने कौशल को बढ़ाने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि आरडीवीवी विश्वविद्यालय हमेशा छात्रों के लिए इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से छात्र छात्राएं अपने अपने कौशल को विकसित कर सकें और अपने भविष्य में आत्मनिर्भर एवं स्वालंबी बन सके। सहयोगी इ महावीर त्रिपाठी,सुश्री रविता सिंह, नन्द कुमार यादव,श्रीमती सविता पठारिया सहित प्रतिभागी छात्र शामिल हुए।समापन कल दोपहर तीन बजे।

# घर के बाहर खड़ी कार ले गए नकाबपोश चोर




**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** घर के बाहर खड़ी लग्जरी कार को देर रात 2 नकाबपोश चोर चोरी कर ले गए। कार चोरी की घटना समीप लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वाहन मालिक की शिकायत पर शहपुरा पुलिस ने प्राथमिक कार्रवाई करते हुए चोरों की पतासाजी शुरू कर दी है। शहपुरा थाना क्षेत्र के गंज कटंगा निवासी सोमेंद्र सिंह तोमर ने पुलिस को बताया कि रात करीब 11 बजे वह शहपुरा से अपनी कार क्रमांक एमपी 20 सीजे 0995 से घर पहुंचे थे। सुबह भतीजा मोनू उठा, तो उसने देखा कि घर के बाहर खड़ी कार नहीं है। आसपास पतासाती करने पर कार नहीं मिली। घर के समीप लगे सीसीटीवी कैमरे देखा तो रात करीब 2:45 से 3 बजे के आसपास 2 नकाबपोश चोर नकली चॉबी से कार चालू कर चोरी कर ले गए। कार भाई शिवेंद्र सिंह तोमर के नाम पर रजिस्टर्ड है। गंज कटंगा से कार चोरी होने के बाद ग्रामीणों में चर्चा है कि इस समय पूरे क्षेत्र में वाहन सहित कृषि उपकरणों की चोरी बढी है। चोर सूने घरों को भी निशाना बना रहे हैं।

# जबलपुर में भी रेलवे आरक्षण चार्टिंग प्रक्रिया में हुआ महत्वपूर्ण बदलाव, अब 08 घंटे पहले तैयार होगा पहला चार्ट

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** यात्री सुविधा और पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए रेलवे बोर्ड द्वारा आरक्षण चार्ट तैयार करने की प्रक्रिया में बड़े बदलाव लागू किए गए हैं. जबलपुर मंडल में यह नई व्यवस्था दिनांक 15/16 जुलाई 2025 की मध्यरात्रि से लागू होगी, जिसके तहत ट्रेनों का प्रथम आरक्षण चार्ट अब उनके प्रस्थान समय से 08 घंटे पूर्व तैयार किया जाएगा. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि पूर्व में यह चार्टिंग प्रक्रिया ट्रेन प्रस्थान से 04 घंटे पूर्व तैयार की जाती थी जो कि अब 08 घंटे पूर्व तैयार किया जाएगा जिससे प्रतीक्षा सूची और आरएसी यात्रियों को अपनी बर्थ की स्थिति 08 घंटे पहले मालूम चल सकेगी.

### चार्टिंग की नई समय-सारणी

1. जिन ट्रेनों का प्रस्थान सुबह 05:00 बजे से दोपहर 14:00 बजे के बीच है, उनका पहला चार्ट पूर्ववर्ती दिन रात्रि 21:00 बजे तक तैयार किया जाएगा.
2. जिन ट्रेनों का प्रस्थान दोपहर 14:00 बजे से रात्रि 23:59 बजे के बीच या मध्य रात्रि 00:00 बजे से सुबह 05:00 बजे के बीच है, उनका पहला चार्ट अब 08 घंटे पूर्व तैयार किया जाएगा.
3. दूसरे आरक्षण चार्ट तैयार करने के संबंध में मौजूदा प्रावधानों में कोई बदलाव नहीं होगा.
4. यह नई व्यवस्था रिमोट लोकेशन (दूरस्थ स्टेशनों) पर चार्टिंग प्रक्रिया के लिए भी अनिवार्य रूप से लागू होगी.

# जब चाय की दुकानें तंदूर बनने लगें तब सवाल पुलिस से पूछिए...




**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** मोहम्मद अयान खान ... एक नौजवान। जबलपुर के हनुमानताल इलाके में चाय पीने गया था। न पैसे साथ थे, न मोबाइल। वादा किया ... थोड़ी देर में लाकर दे दूंगा। लेकिन दुकानदार मोइनुद्दीन अंसारी ने क्या किया? गाली दी। धमकी दी ... खौलता पानी डाल दूंगा। और फिर डाल भी दिया। अयान की हालत नाजुक है। वह मेडिकल कॉलेज के बर्न वार्ड में है। पर सवाल सिर्फ यह नहीं है कि अयान झुलसा... सवाल यह है कि अयान जैसे और कितने झुलसेंगे? अब असली तस्वीर देखिए... हनुमानताल, नयी बस्ती, कसाई मंडी, चारखम्बा और जबलपुर के कुछ अन्य मुस्लिम बाहुल्य इलाके ... जहां रात के दो, तीन, चार बजे तक चाय-सिगरेट की दुकानें खुली रहती हैं। इन दुकानों पर कौन आता है? शहर भर के मनबढ़ लड़के, छोटे-बड़े अपराधी, नशे में धुत तफरीहबाज। ये दुकानें अब दुकानें नहीं, अड्डे बन चुकी हैं। यह कोई एक रात की बात नहीं है ... यह हर रात की बात है। और जब यही अड्डेबाज दुकानदारों के साथ घुलमिल जाते हैं, तो एक चायवाले को खौलता पानी फेंकने में भी डर नहीं लगता। क्यों? क्योंकि उसे लगता है कि पुलिस कुछ नहीं करेगी। सवाल अब सिर्फ एक युवक के झुलसने का नहीं है... सवाल यह है कि इन रातभर खुली दुकानों पर किसकी मेहरबानी है?

सवाल यह है कि पुलिस की पेट्रोलिंग क्या इन इलाकों में बंद हो चुकी है? सवाल यह है



मुहम्मद अनवार बाबू
jabalpur@hotmail.com

कि क्या कोई प्रशासनिक समझौता इन दुकानों को कानून से ऊपर बना रहा है? और अब एक विनम्र निवेदन ... नहीं, चेतावनी! जबलपुर पुलिस अधीक्षक महोदय, यह एक एफआईआर से खत्म होने वाली बात नहीं है। यह एक परंपरा बन चुकी है ... अपराध को रात की चाय में घोलकर पीने की। आपसे आग्रह है ... इन इलाकों की रातों को चुपचाप मत देखिए। चाय-सिगरेट की आड़ में जो गुंडाराज फल रहा है, उस पर नकेल कसिए। नहीं तो अगला अयान... कोई और होगा। क्योंकि जब चाय की दुकानें तफरीह के अड्डे बन जाएं, तो सिर्फ चाय नहीं जलती ... पूरा शहर सुलगने लगता है।

# चाय पीकर रुपए बाद में देना बोलते ही ग्राहक पर उड़ेल दिया खौलता पानी

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** मोती नगर स्थित चाय की दुकान चलाने वाले दुकानदार ने ग्राहक पर खौलता पानी डालकर बुरी तरह झुलसा दिया। घटना के बाद 108 एंम्बूलेंस घायल को जिला अस्पताल लेकर पहुंची। युवक की हालत नाजुक होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक युवक करीब 50% तक झुलस गया है। विवाद की जानकारी मिलने के बाद हनुमानताल पुलिस ने चाय दुकान संचालक के पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। विवाद चाय पीने के बाद रूपए थोड़ी देर बाद देने की बात कहने पर हुआ



था। हनुमानताल थाना क्षेत्र के शास्त्री वार्ड स्थित मोती नगर में रहने वाला मोहम्मद आयन रात करीब 1 बजे पड़ोस में स्थित दुकान से चाय लेने के लिए गया था। आयन ने दुकानदार मोहन्नदीन से चाय मांगी, चाय लेने के बाद आयन ने दुकानदार से कहा कि जल्दबाजी वह पर्स और मोबाइल घर में भूल गया है, अभी रूपए लाकर देता हूं। आयन ने पुलिस को बताया कि बताया कि रुपए ना होने की बात सुनकर मोहन्नदीन ने गाली देना शुरू कर दिया, और जब उसे मना किया तो उसने दुकान में रखा खौलता हुआ पानी शरीर में उड़ेल दिया। डॉक्टरों के कहना है कि आयन सीने, पेट और गले में अधिक जल गया है, हालांकि उसकी हालत खतरे से बाहर है।

### घटना सीसीटीवी में कैद

10 रुपए की चाय को लेकर आयन और मोहन्नदीन के बीच काफी देर तक बहस होती रही। बताया जाता है कि अयान चाय पीने के लिए रोज मोहन्नदीन की दुकान पर जाता था, दोनों के बीच हंसी मजाक भी होती थी। मोहन्नदीन ने अचानक ऐसा कदम क्यों उठाया, यह किसी के समझ नहीं आ रहा है। चाय की दुकान में हुई वारदात के बाद एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। मामले की जांच करने पुलिस घटना स्थल पहुंची थी, आरोपी मोहन्नदीन दुकान-घर से गायब है। थाना प्रभारी धीरज राज का कहना है कि मोती नगर चाय को लेकर दो लोगों का आपस में विवाद हुआ था। पीड़ित की शिकायत पर दुकान संचालक पर मामला दर्ज करते हुए उसकी तालाश की जा रही है।

ओम होम हैल्थ केयर सर्विस
हमारे पास अशक्त बुजुर्ग मरीजों की देखभाल हेतु नर्स,वार्ड वॉय,आया बाई,फिजियोथैरेपी और दवाईयॉ घर पर उपलब्ध कराए जाते हैं।
प्रो.जितेन्द्र पटैल
CERVIC - 24X7 Hourse
मो. 9340721556,9753518166
पता-केनरा बैंक महाराष्ट्र हॉई स्कूल गोल बाजार जबलपुर(म.प्र.)

Manufacturer of t-shirts & lowers
Mo. 9174614421, 9406763810
CHANDRAKALA TEXTILES
सभी प्रकार की टी-शर्ट ऑर्डर पर बनाई और प्रिंट की जाती हैं और स्पोर्ट्स सबलिमेसन जर्सी बनाई जाती हैं।
Address : shop no 151, jabalpur fashion design cluster market Lema garden Gohalpur jabalpur 482001

## कलेक्ट्रेट में कांग्रेस विधायक और प्रदर्शनकारियों को गेट बंद रोका

# प्रवेश को लेकर विधायको को करना पड़ा इंतजार

## फर्टिलाईजर्स की कमी और अतिवर्षा से नुकसान की गिनाई समस्या





### विधायक ने कहा सड़क से नहीं सुने तो सदन में उठाएंगे मुद्दा

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** सोमवार को कांग्रेस ने सोसायटियो से किसानों को खाद्य, फर्टिलाईजर्स में हो रही कमी और अतिवर्षा से हुए नुकसान के मुआवजा की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में जिले के बालाघाट, वारासिवनी और परसवाड़ा के विधायकों सहित किसान तथा कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। सड़क से होकर प्रदर्शनकारी, जब कलेक्ट्रेट गेट पहुंचे तो यहां उन्हें प्रवेश को लेकर इंतजार करना पड़ा।



कलेक्ट्रेट गेट से विधायकों के साथ, प्रदर्शनकारी भी अंदर जाना चाहते थे, जिन्हें गेट बंद कर रोक दिया गया था। जिसके लेकर विधायकों ने नाराजगी जाहिर की। हालांकि बाद में एसडीएम गोपाल सोनी, गेट के पास पहुंचे और विधायकों और कुछ लोगों को अंदर आने के लिए गेट को खोला गया, लेकिन जब प्रदर्शनकारी, घुसने लगे तो गेट को पुलिस ने बंद करने का प्रयास किया लेकिन प्रदर्शनकारी, अंदर जाने की जिद पर अड़े थे। जिसको लेकर एसडीएम नाराज भी दिखाई दिए। दरअसल, सोमवार 14 जुलाई को कांग्रेस विधायक विवेक पटेल ने क्षेत्र में अतिवर्षा से किसानों को हुए नुकसान और उन्हें खेती के समय में हो रही फर्टिलाईजर्स की कमी को लेकर, आंदोलन बुलाया गया था। इस आंदोलन में बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे, परसवाड़ा विधायक मधु भगत, कांग्रेस नेता और किसान तथा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

विधायक विवेक पटेल ने बताया कि भाजपा ने चुनाव के दौरान किसानो की आय दुगुनी और खेती को लाभ का सौदा बनाने का वादा किया था लेकिन कोई वादे पूरे नहीं हुए है। सोसायटियो से फर्टिलाईजर्स नहीं मिलने से किसान परेशान है, सोसायटी ठप्प हो गई है। किसान, खरीफ के इस मौसम में डीएपी, यूरिया, खाद के लिए परेशान हो रहे है, आलम यह है कि किसानों को फर्टिलाईजर्स नहीं मिल पा रहा है। बीते दिनों हुई अतिवर्षा में क्षेत्र के बकेरा, लालपुर, सिकंद्रा, उमरवाड़ा और पौनेरा के तालाब फूट गए। जिससे किसानों और मछुआरों को नुकसान पहुंचा है, लेकिन, किसानों को लेकर ना तो सरकार ना ही प्रशासन गंभीर है, जिसके कारण आज हम, यहां सरकार और प्रशासन को जगाने, किसानों को लेकर आए है, हमारी मांग है कि किसानों को उसकी आवश्यकता फर्टिलाईजर्स उपलब्ध कराया जाए और शीघ्रताशीघ्र, अतिवर्षा से हुए क्षेत्र में किसानों, मछुआरों और गरीब परिवार के आशियाने टूट जाने से हुए नुकसान का सर्वे कराकर, उन्हें आरबीसी के तहत मुआवजा प्रदान किया जाए।

उन्होंने बताया कि आज हम, सड़क से इस मुद्दे को लेकर शासन तक बात पहुंचाने, प्रशासन के दरवाजे में आए है और यदि हमारी समस्याओं को नहीं सुना जाएगा तो हम, सदन में भी इस मुद्दे को उठाएंगे। किसान गोधनबाल बोपचे ने बताया कि सोसायटी से पर्याप्त मात्रा में खाद और उर्वरक नहीं मिल पा रहा है, सात एकड़ में 3 बोरी सोडा दे रहे है, जबकि प्रति एकड़ एक भूमि दिया जाना है। तालाब के क्षतिग्रस्त होने की सूचना एरिकेशन विभाग को दी गई थी, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया, जिसके कारण तालाब फूटने से सैकड़ो किसानों की फसल, तालाब का पानी खेत में चले जाने से खराब हो गई है।





### एक सौ एक वर्षिया रामकुमारी देवी का मंत्री प्रहलाद पटेल ने किया सम्मान

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** गत दिनों बालाघाट प्रवास पर आए मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने साहित्यकार एवं पत्रकार पं. सुधाकर शर्मा की एक सौ एक वर्षिया, माता जी रामकुमारी देवी से उनके निवास पर मुलाकात कर, शॉल-श्री फल प्रदान कर सम्मानित किया। यहां उन्होंने उनका कुशलक्षेम जाना और आशीर्वाद लिया और माताजी के इस उम्र में भी में, चेहरे का तेज अलौकिक ऊर्जा से भरा देखकर प्रसन्नता हुई। ज्ञात हो कि स्वाधीनता संग्राम की परोक्ष रूप से सेनानी रहीं रामकुमारी देवी के पति स्व. पं. विद्यासागर शर्मा ने स्वनामधन्य चंद्रशेखर आजाद के मार्गदर्शन में स्वाधीनता संग्राम के अजेय योद्धा की भूमिका निभाई थी। पं. विद्यासागर शर्मा के बारे में बताया जाता है कि उन्होंने रामसनेही साधु के भेष में आठ वर्ष उदयपुर से लाहौर पर्यंत महत्वपूर्ण गुप्त संदेश और पिस्तौल-कारतूस अपने क्रांतिकारी साथियों को मुहैया कराए थे। इस दौरान रामकुमारी देवी की बेटी मीरा शर्मा और सुपुत्र पं. सुधाकर शर्मा मौजूद रहे।

## ट्रांसफार्मर को लेकर कुम्हारी में चक्काजाम, प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने खदेड़ा

### 200 केव्ही की जगह 100 केव्ही ट्रांसफार्मर लगाने से ग्रामीण हुए आंदोलित

### ग्रामीणों से मिले तहसीलदार, ग्रामीणों ने पुलिस पर लगाया लाठीचार्ज का आरोप







**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।**

बालाघाट-नैनपुर हाइवे में आज दोपहर ग्रामीणों ने कुम्हारी में 200 केव्ही का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। जिससे घंटो तक मार्ग के दोनो ओर वाहनो की लंबी कतार लग गई। कुम्हारी में प्रदर्शनकारियों ने सड़क के बीच टायर जलाकर, रास्ते को जाम कर दिया था। जिसमें कई वाहनो के पहिए थम गए थे। इस दौरान पुलिस ने चर्चा के बाद आवागमन को बहाल करने, प्रदर्शनकारियो को खदेड़ा। जिसको लेकर ग्रामीणों ने पुलिस पर लाठीचार्ज किए जाने का आरोप लगाया है। फिलहाल, लगभग दो घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद पुलिस ने रास्ता खुलवा दिया। जिसके बाद इस मार्ग पर आवागमन बहाल हो गया है। वहीं ऐतिहातन के तौर पर, यहां पुलिस बल लगाया गया है।

दरअसल, कुम्हारी में घरो और थ्रीफेस कनेक्शन के लगे 200 केव्ही ट्रांसफार्मर के खराब होने से ग्रामीण लंबे समय से ट्रांसफार्मर लगाने की मांग कर रहे थे। जिसमें किसान और रहवासी शामिल थे। आज दोपहर, जब मुख्यालय से 100 केव्ही का ट्रांसफार्मर लगाने भेजा गया तो ग्रामीण 200 केव्ही का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग को लेकर आंदोलित हो उठे और उन्होने कुम्हारी से होकर गुजरने वाले बालाघाट-नैनपुर हाइवे में रास्ता जाम कर दिया।

जानकारी मिलने के बाद, तहसीलदर भूपेन्द्र अहिरवार, गांव पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। प्रदर्शनकारियों के 200 केव्ही ट्रांसफार्मर की डिमांड करने पर विद्युत विभाग से चर्चा की गई। जिसमें दो दिनों में 200 केव्ही का ट्रांसफार्मर लगाने का भरोसा ग्रामीणों को दिया गया। तहसीलदार भूपेन्द्र अहिरवार ने बताया कि वर्तमान में 100 केव्ही का ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली विभाग, व्यवस्था को सुचारू करने वाला था लेकिन ग्रामीण 200 केव्ही का ट्रांसफार्मर को लेकर अड़े थे। जिसके बाद हमने समझाईश देकर आश्वस्त किया कि दो दिनो बाद ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा। तहसीलदार, भूपेन्द्र अहिरवार ने बताया कि बल प्रयोग जैसी कोई घटना नहीं हुई है, चूंकि रास्ता खुलवाने में कुछ लोग अवरोध बने थे, जिन्हें हटाया गया है और रास्ते में जल रहे टायर को पुलिस ने अलग किया है। जबकि घटना के बाद ग्रामीण, एसपी कार्यालय पहुंचे और यहां पुलिस पर लाठीचार्ज किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिसकर्मियों को हटाए जाने की मांग की। कोतवाली थाना प्रभारी विजयसिंह राजपूत ने बताया कि चक्काजाम मामले में कुछ लोगों को पकड़ा गया है। अभी मामला दर्ज होने के बाद जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने भी पुलिस बल प्रयोग की घटना से इंकार किया है।

## चोरी करना पाप है, पुलिस ने चोरो का निकाला जुलुस, चोरो से मंगवाई पीड़ित परिवारों से माफी

### दो थानो की 25 लाख रूपए की चोरी का खुलासा





**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** बालाघाट अनुविभाग के कोतवाली और ग्रामीण थानो में हुई लाखो रूपए की चोरी का पुलिस ने, सोमवार को खुलासा किया है। जिसमें पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी, आदतन अपराधी है, जो पूर्व में भी अपराधो में संलिप्त रहे है। पुलिस ने आरोपियो को गिरफ्तार कर उनका जुलुस निकाला और पीड़ित परिवारों के पास ले जाकर, चोरी की घटना करने पर माफी मंगाई। इस दौरान चोर जुलुस में चोरी करना पाप बोलते हुए चल रहे थे।

दरअसल, पुलिस कोतवाली और ग्रामीण थाना क्षेत्र में हो रही चोरी की घटना से चितिंत और परेशान थी। जिसके बाद पुलिस ने ग्रामीण थाना अंतर्गत बालाजी नगर कोसमी के पंकज शर्मा और कोतवाली में भटेरा निवासी गायत्री पटले के यहां हुई चोरियों के लिए 10 टीमों का गठन किया और चोरी का खुलासा किया।

सभी टीमें वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश और मार्गदर्शन में लगातार सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले। पुलिस मुंबई भी गई। जहां से पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा।

कोसमी में हुई चोरी में हाल ही में जेल से छूटकर आए राहुल उर्फ गेंडा को पुलिस ने संदेह के आधार पर उठाकर पूछताछ की। जिसमें उससे, पंकज शर्मा के यहां हुई चोरी में संलिप्त लोगों की जानकारी मिली और पता चला कि, चोरी के बाद वे सभी रेलवे स्टेशन में मिले और वहां चोरी के सामान का बंटवार किया गया था। जिसमें चोरी का कुछ सामान बेचने और गलाने की मंशा से चोर राजेश उर्फ छोटु साहु और नील उर्फ नीलेश पटले मुंबई लेकर गए है। जिसके बाद, एक पुलिस टीम, मुंबई पहुंची और यहां उन्होंने 5 दिनों तक आरोपियो की तलाश कर, वहां से राजेश उर्फ छोटु और नीली उर्फ नीलेश को पकड़कर लाया। जिनके पास से पुलिस ने चोरी किए गए जेवरात बरामद किए।

दोनो ही थानो की चोरी में पुलिस ने 8 आरोपियों में 3 आरोपी ग्रामीण थाना में हुई चोरी और 5 आरोपी कोतवाली थाने में हुई चोरी मामले में पकड़े है। सोमवार को पुलिस ने सभी आरोपियों को चोरी की घटना के साथ मीडिया के सामने पेश किया। जिसके बाद चोरी के अपराध में ग्रामीण थाना में गिरफ्तार किए गए आरोपी गर्रा निवासी 25 वर्षीय नीली उर्फ निलेश पिता भोजलाल साहु, छत्तीसगढ़ के बिलासपुर पटेल पारा निवासी 36 वर्षीय राजेश उर्फ छोटु पिता रघुबीर साहु और कोसमी निवासी 23 वर्षीय राहुल उर्फ गेंडा पिता नैतलाल नागेश्वर तथा कोतवाली थाना के आरोपी बूड़ी निवासी 26 वर्षीय पंकज पिता सुनील पटले, भटेरा चौकी निवासी 21 वर्षीय सुदत्त उर्फ सौरभ पिता जितेन्द्र बंसोड़, इंदिरा नगर निवासी 27 वर्षीय पप्पु उर्फ पलाश पिता राजेश तेजी, रजा नगर निवासी 19 वर्षीय रेहान पिता आबिद खान और गौस नगर निवासी 27 वर्षीय आमिर पिता मेहबूब खान को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भिजवा दिया है।

सीएसपी वैशालीसिंह कराहलिया ने दोनो ही चोरी की घटना के बारे में बताते हुए कहा कि दोनो ही चोरी में चोरी किया गया मशरूका बरामद कर लिया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया गया हैं।

इस पूरी कार्यवाही में कोतवाली थाना प्रभारी विजय राजपूत, ग्रामीण थाना प्रभारी छत्रपालसिंह बैस, उनि. धर्मेन्द्र जौनवार, अमित अग्रवाल, कोतवाली एएसआई दिनेश पंचेश्वर, प्रआर राहुल गौतम, गजेन्द्र माटे, किशोर बिसेन, अवधेश बघेल, शेख शहजाद, कमल यदुवंशी, अर्जुन गुर्जर, मुकेश पंडा, मआर. सुष्मिता, सोनम सहित ग्रामीण थाना की टीम का सहयोग रहा।



## शासकीय कन्या हाईस्कूल हिर्री में जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन





**दैनिक रेवांचल टाइम्स किरनापुर।** कलेक्टर मृणाल मीणा निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला सोलंकी के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर बालाघाट द्वारा मिशन शक्ति एवं बाल भिक्षावृति की रोकथाम के लिए 20 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके अंतर्गत 14 जुलाई 2025 को किरनापुर विकासखंड के शासकीय कन्या हाईस्कुल हिर्री में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में शिक्षा को बड़ावा देना, शिक्षा के प्रति जागरूकता ड़ैलाने, बाल भिक्षावृति रोकथाम, बाल संरक्षण से जुडी योजनाओं, पोक्सो अधिनियम, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। भिक्षावृति में लिप्त परिवारों के द्वारा नवजात शिशुओं एवं छोटे बच्चो के जरिये भीख मांगने/मंगाने का कार्य किया जाता है जो बच्चो के हित में नही होने के साथ-साथ उनके लिए अत्यंत जोखिमपूर्ण एवं विकास में बाधक है।

किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 76 अंतर्गत यदि कोई व्यक्ति 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे को भीख मांगने के लिए नियोजित करता है या करवाता है, तो उसे 5 वर्ष तक के कारावास तथा 01 लाख रुपये तक के जुर्माने के दंड का प्रावधान है एवं देखरेख एवं संरक्षण की आवश्कताओ वाले बच्चों की पहचान कर बच्चो के पुनर्वास के लिए उन्हें बाल कल्याण समिति की जानकारी दी गई। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य पी के बिसेन, शैलेन्द्र बोपचे, तेजलाल देवे, ज्योति चित्रीव, अनिता बढ़ई, निधि पारथी, सीमा गेडाम, प्रभा सोनी सहित विद्यालय परिवार के समस्त सदस्यगण मौजूद रहे।

## संपादकीय


### सडक खाली करो कि कांवड़

राष्ट्रकवि रहे रामधारी सिंह दिनकर ने आपातकाल के बाद विपक्ष की लामबंदी देखी थी। नई सत्ता स्पष्ट थी, लिहाजा उन्होंने कविता लिखी थी-सिंहासन खाली करो कि जनता आती हैङ्घ। हालांकि आज वैसे आसार बिल्कुल भी नहीं हैं, लेकिन शिव-भक्त होने की आड़ में कांवड़ियों ने कई जगह ऐसे हुड़दंग मचाए हैं मानो वे कह रहे हों-सडक खाली करो कि कांवड़िए आते हैं। आस्था को उन्माद और हिंसा में परिणत होते हम देख रहे हैं। दिल्ली-हरिद्वार मार्ग पर करीब 70,000 सुरक्षाकर्मी तैनात हैं, लेकिन वे असहाय लगते हैं, क्योंकि परोक्ष आदेश हैं कि कांवड़ियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं। वे हिंदूवादी राजनीति के प्रतीक हैं। वदीर्वालों की मौजूदगी में ही कांवड़ियों ने एक ढाबे में इतनी तोड़-फोड़ की कि वह धराशायी हो गया। ढाबे के कर्मचारी ने गलती से दाल में प्याज का तडका लगा दिया था। सिर्फ इसी आधार पर कांवड़ियों की एक जमात ने लाठी-डंडों की बरसात कर दी और एक भारतीय के आजीविका कमाने के मौलिक अधिकार को चित कर दिया। इसी तरह एक कार गलती से कांवड़िए को छू-सा गई होगी कि कांवड़ियों ने लाठी-डंडे बरसाने शुरू कर दिए। कार में महिला और बच्चे भी बैठे थे। वह अचानक इस हमले से सहम गए और डर के मारे रोने-चीखने लगे। आततायी का रूप धारण करना कौनसी आध्यात्मिकता है? कार क्षतिग्रस्त कर दी गई। इसी तरह एक बाइक का कचूमर निकाल दिया। कांवड़ियों ने पुलिस प्रशासन के वाहन को भी नहीं बख्शा। हम ये एक दिन की चुनींदा घटनाओं का ही जिक्र कर रहे हैं। कांवड़ियों की तांडवी हिंसा पर एक इतिहास लिखा जा सकता है। यह महादेव की कैसी उपासना है? यदि महादेव ने रुद्र अवतार धारण किया था, तो उसमें ब्रह्मांड का विराट उद्देश्य निहित था। कांवडियों की रौद्र हिंसा के उद्देश्य क्या हैं? आस्था कभी भी उन्माद, उत्पात का पर्याय नहीं हो सकती। महादेव के भाल पर चंद्रमा और जटाओं में मां गंगा वास करती हैं। वे शीतलता, शांति के प्रतीक हैं। कमोबेश भक्तों ने इसी शिव-रूप से कुछ सीखा होता! बहरहाल कांवडियों की सुविधा और सेवा पर सरकारों ने हजारों करोड़ रुपए खर्च किए हैं। हेलीकॉप्टर से कांवडियों पर पुष्प-वर्षा की जाती है मानो आकाश से त्रिदेव और अन्य देवतागण अपने आशीर्वाद के तौर पर फूल बरसा रहे हों! यह सब इसलिए किया जाता है, क्योंकि श्रद्धालु कांवडियों में भी भोले बाबा की छाया महसूस करते हैं। कांवड़ खंडित और अशुद्ध नहीं होना चाहिए। यह भी अखंड, अगाध आस्था है कि गंगा-जल अपवित्र न होने पाए, क्योंकि उससे महादेव का जलाभिषेक किया जाना है। कांवड़-यात्रा मार्ग पर मांसाहार की सभी दुकानें, रेहड़ी-पटरी आदि बंद करा दिए गए हैं। करीब एक माह तक यह धंधा बंद रहेगा। किसी ने सोचा है कि वे परिवार क्या खाएंगे, कैसे गुजर-बसर करेंगे? क्या सरकारें उन्हें मुआवजे मुहैया कराती हैं? दिलचस्प यह है कि मांस की दुकानें बंद हैं, लेकिन परदे के पीछे शराब की दुकानें खुली हैं, क्योंकि उनसे सरकार को मोटा राजस्व मिलता है। यहां भी तो आस्था अपवित्र हो सकती है! आस्था के मद्देनजर यह गंभीर विरोधाभास है। एक महत्वपूर्ण तथ्य आपसे साझा कर रहे हैं कि भारत में करीब 84 फीसदी हिंदू मांसाहारी हैं। बहरहाल हमारा बुनियादी सरोकार यह है कि कांवडियों की कठिन तपस्या, जल की शुचिता और कुल मिला कर आस्था खंडित नहीं होनी चाहिए, लेकिन कांवडियों का रौद्र रूप भी गुंडई में तबदील नहीं होना चाहिए। सडकों पर उनके लिए विशेष व्यवस्थाएं हैं। सपा अध्यक्ष एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने तो सरकार में आने पर कांवड़-कॉरीडोर बनवाने की बात कही है। सडकों पर कांवडियों का ही आधिपत्य नहीं है। देश में जो करदाता हैं, वे सडकों के लिए भी टैक्स देते हैं। उनके भी कुछ हक हैं। भक्ति के नाम पर अगर किसी का उत्पीडन ही किया जाए, तो यह भक्ति नहीं कहलाती।

# देश और समाज के लिए तन, मन, धन समर्पित करने की मिसाल हैं सी. सदानंदन मास्टर

हम आपको बता दें कि केरल के सामाजिक और राजनीतिक इतिहास में जिन व्यक्तित्वों ने जनता के बीच संगठन, चेतना और संघर्ष की लौ जगाई, उनमें सी. सदानंदन मास्टर का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मामले में विशेष लोक अभियोजक रहे उज्ज्वल निकम, केरल से भारतीय जनता पार्टी के नेता सी सदानंदन मास्टर और इतिहासकार मीनाक्षी जैन को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है। इन चार नामों में से आपके लिए सी. सदानंदन मास्टर का नाम भले जाना-पहचाना नहीं हो लेकिन उनके सामाजिक कार्य उनकी पहचान हैं। साथ ही उनका जीवन अन्याय के आगे नहीं झुकने की भावना का प्रतीक भी है। वामपंथी हिंसा और धमकी के आगे नहीं झुक कर राष्ट्र के विकास के प्रति अपने जज्बे को बरकरार रखने वाले सी. सदानंदन मास्टर पूरे देश के लिए बड़ी प्रेरणा हैं।

हम आपको बता दें कि केरल के सामाजिक और राजनीतिक इतिहास में जिन व्यक्तित्वों ने जनता के बीच संगठन, चेतना और संघर्ष की लौ जगाई, उनमें सी. सदानंदन मास्टर का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। वे केवल एक शिक्षक नहीं हैं, बल्कि जीवनपर्यंत एक ऐसे संगठक, विचारक और मार्गदर्शक रहे हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फ्रर) और उससे जुड़े संगठनों के माध्यम से केरल में राष्ट्रवादी विचारधारा को मजबूती दी। उनका जीवन संघर्ष, तपस्या और आदर्शों के लिए समर्पित था, और आज भी वे केरल के राष्ट्रवादी कार्यकताओं के लिए प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं।



सी. सदानंदन मास्टर का जन्म केरल के कन्नूर जिले के एक साधारण परिवार में हुआ। बाल्यकाल से ही वे अत्यंत संयमी, मेहनती और अनुशासनप्रिय थे। शिक्षा के प्रति उनकी रुचि प्रारंभ से ही गहरी थी। उन्होंने शिक्षक के रूप में अपने कॅरियर की शुरूआत की और बहुत जल्द गांव-समाज में एक आदर्श गुरु के रूप में प्रसिद्ध हो गए। सदानंदन मास्टर का जीवन तब मोड़ लेता है, जब वे युवावस्था में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फ्रर) के संपर्क में आते हैं। संघ के 'एकात्म मानववाद', सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और भारतीयता के विचार ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया। शिक्षक के दायित्व के साथ-साथ वे धीरे-धीरे संगठनात्मक कार्यों में भी सक्रिय हो गए। उनका घर और स्कूल ही संघ की गतिविधियों का केंद्र बन गया था। वे विद्यालयों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों की शिक्षा को प्राथमिकता देते थे।

हम आपको बता दें कि केरल के कन्नूर और आसपास के क्षेत्र वामपंथी राजनीतिक हिंसा के लिए कुख्यात रहे हैं। 1994 में सी. सदानंदन मास्टर पर एक क्रूर और अमानवीय हमला हुआ। मार्क्सवादी विचारधारा से जुड़े हिंसक कार्यकताओं ने उनके दोनों पैर काट डाले थे। यह हमला केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विचारधारा, शिक्षा और संगठन के प्रति समर्पण पर हमला था। लेकिन सदानंदन मास्टर ने इस हिंसा के आगे कभी घुटने नहीं टेके। उन्होंने उस घटना को अपने जीवन का अंत नहीं, बल्कि नई शुरूआत माना। उन्होंने स्वयं कहा था कि मेरे पैर काट दिए, लेकिन मेरे विचार और हौसले कोई नहीं काट सकता।

हम आपको बता दें कि इस घटना के बाद वे पूरे केरल और देशभर में 'साहस और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक' के रूप में पहचाने जाने लगे। वे पूरी ताकत के साथ संगठन के कार्यों में जुट गए थे। उन्होंने शारीरिक अपंगता को कभी कमजोरी नहीं बनने दिया। उन्होंने हजारों युवाओं को राष्ट्र के प्रति समर्पण, सेवा और संगठन के मार्ग पर चलाया। वामपंथी हिंसा से त्रस्त केरल के लोगों में उनके प्रति विशेष सम्मान और श्रद्धा पैदा हुई। वे अनेक युवाओं के लिए जीते-जागते आदर्श बन गए कि किस तरह विचार और ध्येय के लिए तन, मन, जीवन सब कुछ समर्पित किया जाता है।

हम आपको बता दें कि सदानंदन मास्टर ने संघ और उससे जुड़े संगठनों में संगठनकर्ता, प्रेरक वक्ता और मार्गदर्शक के रूप में वर्षों तक कार्य किया। वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अइश्ढ), सेवा भारती, विद्या भारती और भाजपा में सक्रिय रहे हैं। वे सदैव युवाओं को प्रेरित करते रहे हैं कि शिक्षा केवल नौकरी पाने के लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए होनी चाहिए। उनकी वाणी में इतना प्रेरक तेज और सच्चाई होती है कि श्रोता स्वतः उनके विचारों से जुड़ जाते हैं।

सदानंदन मास्टर सादगी, संयम और अनुशासन के प्रतीक हैं। उन्होंने कभी पद, प्रतिष्ठा या प्रचार नहीं चाहा। वे हमेशा संघ और समाज के अंतिम पंक्ति के कार्यकर्ता की तरह कार्यरत रहते हैं। उनका जीवन यह सिखाता है कि सच्चा नेतृत्व नारे या भाषणों से नहीं, बल्कि अपने आचरण और संघर्ष से पैदा होता है। आज केरल में जो हजारों, लाखों युवा राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ खड़े हैं, समाज सेवा और संगठन में लगे हैं, उसके पीछे सदानंदन मास्टर जैसे व्यक्तित्वों की दशकों की तपस्या और प्रेरणा है। वे एक जीवित उदाहरण बनकर यह साबित कर पाने में सफल रहे हैं कि हिंसा से विचार नहीं मारे जा सकते।

बहरहाल, सी. सदानंदन मास्टर का जीवन केवल एक व्यक्ति की कहानी नहीं, बल्कि विचार, साहस और सेवा के आदर्शों की जीवंत गाथा है। उनके दोनों पैर काटे गए, लेकिन उनके विचार केरल में हजारों लोगों के जरिए समाज निर्माण में लगे हैं। अब तो वह राज्यसभा के सदस्य मनोनीत हो गये हैं और निश्चित ही देश को उनके विचारों और अनुभवों का लाभ मिलेगा। सी. सदानंदन मास्टर का जीवन यह भी संदेश देता है कि "शरीर को तोड़ना आसान है, लेकिन विचार और आत्मबल को कोई नहीं झुका सकता।" सी. सदानंदन मास्टर केरल ही नहीं, पूरे भारत में साहस, राष्ट्रभक्ति और संगठन के प्रतीक के रूप में देखे जाते हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि सी. सदानंदन मास्टर केरल के कन्नूर ज़िले में 2016 और 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार के रूप में चुनाव भी लड़ चुके थे।

# नमक ही नहीं शरीर में पोटैशियम की कमी भी हो सकती है हाई बीपी की वजह

**ब्लड प्रेशर कंट्रोल इसलिए नहीं होता है, क्योंकि हमारी थाली में सिर्फ नमक ज्यादा नहीं है, बल्कि पोटैशियम बहुत कम है। इस कारण ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने की जो कहानी है, वह अधूरी रह जाती है। हालांकि इसको करना मुश्किल नहीं है।**

जैसे ही लोग 40 की उम्र पार करते हैं, वैसे ही अधिकतर लोग अपनी थाली से नमक कम कर देते हैं। साथ ही अचार, पापड़ और चिप्स जैसी चीजों से दूरी बना लेते हैं। लेकिन इसके बाद भी उनका ब्लड प्रेशर कंट्रोल नहीं होता है। क्योंकि हमारी थाली में सिर्फ नमक ज्यादा नहीं है, बल्कि पोटैशियम बहुत कम है। इस कारण ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने की जो कहानी है, वह अधूरी रह जाती है। हालांकि इसको करना मुश्किल नहीं है। ऐसे में आज इस आर्टिकल



के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि पोटैशियम की सही डोज क्या है और इसको किस तरह से डाइट में शामिल करना चाहिए। पोटैशियम न सिर्फ एक्स्ट्रा नमक को यूरिन के रास्ते बाहर निकालता है। लेकिन यह आर्टरी की मांसपेशियों को भी शांत करता है। रिसर्च के मुताबिक अगर डेली पोटैशियम 3.5 ग्राम से ज्यादा हो जाए, तो सिस्टोलिक बीपी में 4-6 `र्ल्ह तक की गिरावट आ सकती है। यह उतना ही होता है, जितना शुरूआती बीपी दवाओं से होता है।

### स्मार्ट बनाएं सुबह की शुरूआत

रोजाना सुबह 200' नारियल पानी या फिर 1 केला का सेवन करें। इन दोनों में ही 400ें पोटैशियम होता है।

नाश्ते में आप अंकुरित मूंग चाट खा सकते हैं। इसमें करीब 650ें पोटैशियम और सिर्फ 400ें सोडियम होता है।

वहीं दोपहर के खाने में आप ऐसी सब्जियों को शामिल करें, जोकि पोटैशियम से भरपूर हों।

शाम को स्नैक्स में आप चिप्स, पापड़ या भुजिया की जगह एक मुट्ठी बिना नमक वाली मूंगफली या उबले चने खा सकते हैं।

रात के खाने में आप कच्चा केला या तुरई की सब्जी और अंकुरित मूंग खा सकते हैं। इसमें 600-700ें पोटैशियम होता है।

## राशिफल

मेष राशि :- हर्ष, लाभ, सुख, पदोन्नति के योग हैं, वायु विकार, दाम्पत्य जीवन सरल-सुखी रहेगा।

वृष राशि :- वाहन सुख, विद्या कष्ट, राजभय, आर्थिक हानि, विशेष हानि तथा विरोध होगा।

मिथुन राशि :- लाभ के योग बनेंगे, सुयश, कार्य सिद्धी, शत्रुभय, राज-काज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

कर्क राशि :- कार्य सिद्धी, लाभ, धन व्यय, हर्ष, धार्मिक एवं शुभ कार्यों में सावधानी अवश्य रखें।

सिंह राशि :- शत्रु भय, कलह, लाभ एवं सुयश की प्राप्ति, सामाजिक कार्यों में प्रतिष्ठा मिलेगी।

कन्या राशि :- थोड़ा लाभ, शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, प्रबलता के योग बनेंगे, विवाद होगा।

तुला राशि :- हर्ष, पदोन्नति के योग, रुके कार्य प्रयास से बनेंगे, कार्यों में सुधार होगा ध्यान दें।

वृश्चिक राशि :- संतान सुख, यात्रा लाभ, शत्रु हानि, अच्छे कार्यों में सुधार होगा, समय का ध्यान रखें।

धनु राशि :- व्यर्थ चिन्ता से मन परेशान रहेगा, अचानक लाभ के योग बनेंगे, उद्योग-व्यापार में लाभ।

मकर राशि :- सफलता प्राप्ति के योग बनेंगे, भय से मन उद्विघ्न रहेगा, मित्रों का सहयोग मिलेगा।

कुंभ राशि :- सुख, यात्रा भय, यश प्राप्ति, मित्रों का सहयोग मिलेगा, लाभप्रद स्थिति से हर्ष होगा।

मीन राशि :- इष्ट मित्रों सहायक रहेंगे, कार्यगति में अनुकूलता आयेगी, कार्य समय पर करें।

# मानसून में हेल्दी रहने के लिए डाइट में करें थोड़ा बदलाव, इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए इन चीजों का करें सेवन

खासतौर पर कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग इन बीमारियों की चपेट में जल्दी आ सकते हैं। ऐसे में बारिश के मौसम में खुद को स्वस्थ बनाए रखने के लिए अपने खानपान और लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करना बहुत जरूरी होता है। बारिश का मौसम अपने साथ गर्मी से राहत दिलाती है और ताजगी लाता है। लेकिन इसके साथ कई बीमारियां भी दस्तक देती हैं। बारिश के मौसम में हवा में नमी बढ़ने से बैक्टीरिया और फंगस तेजी से पनपते हैं। दूषित पानी और खराब डाइट की वजह से पेचिश, डायरिया, मलेरिया, डेंगू, कंजंक्टिवाइटिस, टाइफाइड, वायरल फीवर और निमोनिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। खासतौर पर कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग इन बीमारियों की चपेट में जल्दी आ सकते हैं। ऐसे में बारिश के मौसम में खुद को स्वस्थ बनाए रखने के लिए अपने खानपान और लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करना बहुत जरूरी होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए मानसून में खानपान को लेकर एक्स्ट्रा सावधानियां क्यों बरतनी चाहिए।

### मानसून पाचन तंत्र को ऐसे करता है प्रभावित


मानसून के दौरान वातावरण में नमी बढ़ जाती है, इससे शरीर का मेटाबॉलिक रेट थोड़ा स्लो हो जाता है। ऐसे में भोजन पचने में अधिक समय लगता है। इसकी वजह से अपच, गैस, दस्त, पेट दर्द या एसिडिटी जैसी आम समस्याएं हो जाती हैं। इस मौसम में दूषित पानी और संक्रमित भोजन से फूड पॉइजनिंग और पेट के इंफेक्शन का खतरा काफी बढ़ जाता है। इसलिए हल्का, सुपाच्य और ताजा भोजन लेना बेहतर होता है।

### बारिश के मौसम में डाइट में बदलाव

बारिश के मौसम में वायरल और बैक्टीरियल इंफेक्शन का खतरा काफी बढ़ जाता है। ऐसे में खानपान पर विशेष ध्यान देना जरूरी हो जाता है। इस मौसम में डाइट न सिर्फ हल्दी और आसानी से पचने वाली होनी चाहिए। डाइट में इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने वाले फूड्स को शामिल करना चाहिए। तो आइए जानते हैं कौन-कौन से फूड्स शरीर को हेल्दी रखने और इंफेक्शन से बचाने में सहायता कर सकते हैं।

### मानसून की हेल्दी डाइट

नींबू, जामुन, पपीता, संतरा, सेब और अनार आदि का सेवन करना चाहिए। इन फ्रूट्स को खाने से पाचन संबंधी समस्याएं और वायरल इंफेक्शन से बचाते हैं।



लौकी, टिंडा, तोरई, करेला, कद्दू और खीरा आदि खाने से पेट के भारीपन, गैस और अपच से राहत देती है।

ओट्स, दलिया और खिचड़ी आदि का सेवन करना चाहिए और यह आसानी से पचती हैं।

मूंग दाल और चने की दाल खानी चाहिए। यह शरीर को एनर्जी और इम्यूनिटी मिलती है।

छाछ और ताजा दही खाने से पेट बैक्टीरियल इंफेक्शन से बचाता है। लेकिन बहुत ज्यादा ठंडा न पिएं।

मानसून में उपमा, मूंग दाल चीला और पोहा खाना हेल्दी ऑप्शन होता है।

शाम के समय भुने चने, मखाने और सूप खाना हेल्दी ऑप्शन होता है।

तुलसी-अदरक का काढ़ा, हल्दी दूध और हर्बल चाय मानसून में सर्दी, फ्लू और खांसी बचाने में बेहद कारगर होता है।

### मानसून क्या न खाएं

हरी धनिया, चौलाई, पालक और पत्तागोभी जैसी हरी पत्तेदार सब्जियां नहीं खानी चाहिए। क्योंकि यह बारिश के पानी से संक्रमित हो जाती हैं। इसलिए बारिश के मौसम में इसका सेवन नहीं करना चाहिए। वहीं लंबे समय तक काटकर रखे गए सलाद और फल जल्दी संक्रमित हो सकते हैं। जिनको खाने से फूड पॉइजनिंग का खतरा अधिक होता है।

बारिश के मौसम में कोल्ड ड्रिंक्स और आइसक्रीम जैसी ठंडी चीजों का सेवन करने से गले में इंफेक्शन हो सकता है। वहीं तला-भुना और अधिक मसालेदार खाना पचने में समस्या होती है। इसकी वजह से अपच, गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है।

यह मछलियों के प्रजनन का समय होता है। ऐसे में इसको खाने से पाचन संबंधी समस्या हो सकती है। इस दौरान जंक फूड, फास्ट फूड और प्रोसेस्ड फूड से भी दूरी बनाकर रखनी चाहिए। यह सिर्फ इम्यून सिस्टम को कमजोर करते हैं, बल्कि शरीर को इंफेक्शन के प्रति वलनरेबल बना देते हैं।

### खाने की टाइमिंग और मात्रा

मानसून के दौरान पाचन क्षमता कमजोर हो जाती है, इसलिए खाने की मात्रा और समय को लेकर सतर्कता बरतना बेहद जरूरी होता है। इस मौसम में पेट भरने की बजाय थोड़ा कम खाना बेहतर हो सकता है। जिससे कि डाइजेस्टिव सिस्टन पर ज्यादा प्रेशर न पड़े। इसलिए दिन भर में तीन भारी मील्स की बजाय 4-5 बार संतुलित और हल्का भोजन करें।

वहीं रात के समय हल्का खाना खाएं और सोने से करीब 2-3 घंटे पहले खा लें। वहीं पर्याप्त मात्रा में पानी भी पीना चाहिए।

### बच्चों और बुजुर्गों की डाइट

बड़ों की तुलना में बच्चों और बुजुर्गों में इनकी इम्यूनिटी कमजोर होती है। इसलिए इनको मूंग दाल, दलिया, खिचड़ी, हल्दी दूध और ताजा बना घर का खाना काफी फायदेमंद है। वहीं इम्यूनिटी को मजबूत बनाने के लिए डाइट में अदरक, आंवला, तुलसी, मौसमी फल और शहद जैसी चीजों को शामिल करें। इसको दिन भर में थोड़ा-थोड़ा कर-के कई बार खिलाएं। जिससे कि पाचन तंत्र पर ज्यादा दबाव न पड़े।

### हाइजीन और किचन सेफ्टी

मानसून में वातावरण में नमी की वजह से खाने-पीने की चीजें जल्दी खराब हो सकती हैं। इसलिए किचन की साफ-सफाई और खाने की सुरक्षा बेहद जरूरी होता है। खाना बनाने से पहले और बाद में हाथ जरूर धोएं। वहीं फल और सब्जियों को गुनगुने पानी से अच्छे से धोकर ही इस्तेमाल करना चाहिए। किचन का स्लैब, बर्तनों और चॉपिंग बोर्ड को रोजाना साफ करना चाहिए। वहीं नमी से बचाने के लिए दाल और मसाले आदि को एयरटाइट कंटेनर में रखना चाहिए।

### मानसून में वजन बढ़ने की समस्या

इस मौसम में फिजिकल एक्टिविटी कम हो जाती है। क्योंकि बारिश की वजह से लोग बाहर टहलना या एक्सरसाइज करना आदि छोड़ देते हैं। बारिश के मौसम में तली-भुनी चीजों और गरम स्नैक्स जैसे- समोसे, पकौड़े और चाय बिस्किट की क्रेविंग बढ़ जाती है। इससे शरीर में एक्स्ट्रा कैलोरी जमा होने लगती है। नमी और सुस्ती की वजह से पाचन भी धीमा हो जाता है, जिससे फैट जल्दी बर्न नहीं होता है। ऐसे में मानसून में वेट बढ़ने की समस्या आम हो जाती है।

## स्टार ऑटोमोबाइल्स में महिंद्रा एक्सयूवी 3 एक्स ओ आरईवीएक्स की ग्रैंड लांचिंग

जबलपुर, रेवांचल टाईम्स - एडवांस फीचर्स से लैस महिंद्रा एक्सयूवी 3 एक्स ओ आरईवीएक्स (वश 3ड फ्रश) का भव्य लॉन्च इवेंट रविवार को स्टार ऑटोमोबाइल्स एम.पी. लिमिटेड नागपुर रोड, त्रिपुरी चौक, गढ़ा, जबलपुर में आयोजित किया हुआ। ऐतिहासिक लॉन्च इवेंट में शामिल होकर लोगों ने नई महिंद्रा एक्सयूवी 3 एक्स ओ आरईवीएक्स(UV 3XO REVX )का शानदार अनुभव लिया। लॉन्चिंग कार्यक्रम में स्टार ऑटोमोबाइल्स के सीईओ ललित किशोर, जनरल मैनेजर शैलेंद्र पांडेयऔर अशोक ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। महिंद्रा से एएसएम निहिल खरे की भी उपस्थिति रही। एक्सयूवी 3 एक्स ओ आरईवीएक्स की प्रमुख विशेषताएंः ...26.03 सेमी (10.25ह्व) एचडी टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट और डिजिटल क्लस्टर एड्रेनोक्स कनेक्ट के साथ एलेक्सा बिल्ट इन वायरलेस एंड्रॉयड ऑटो और एप्पल कार प्ले पैनोरमिक सनरूफ ब्लैक लेदरेट सीट्स और ड्यूल-टोन रूफ डिजाइन बाई एलईडी प्रोजेक्टर हेडलैम्प्स और एलईडी डीआरएलएस इनफिनिटी एलईडी टेल लैम्प्स 6 एयरबैग्स, ईससी और आई एसओएफआईएक्स सेफ्टी फीचर्स क्रूज कंट्रोल और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम ड्यूल जोन क्लाइमेट कंट्रोल पुश बटन स्टार्ट और पैसिव की लेस एंट्री वायरलेस चार्जर और रियर व्यू कैमरा स्मार्ट स्टीयरिंग और ऑटो हेडलैम्प व वाइपर रियर एसी वेंट्स, यूएसबी- ए फ्रंट और यूएसबी-सी रियर पोर्ट्स शानदार माइलेज व दमदार परफॉर्मेंस के साथ 1.2एल टीजीडीआई इंजन (230एन एम टॉर्क)।



## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने ग्लैंजा में मानक और नए एक्सेसरी पैकेज के रूप में छह एयरबैग वाले "प्रेस्टीज एडिशन" की घोषणा की


**जबलपुर रेवांचल टाईम्स।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपनी हैचबैक, टोयोटा ग्लैंजा में दो महत्वपूर्ण अपडेट की घोषणा की। इसका उद्देश्य सुरक्षा को और मजबूत करना तथा समग्र ग्राहक मूल्य को बढ़ाना है।ुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, टोयोटा ग्लैंजा के सभी वेरिएंट अब मानक तौर पर छह एयरबैग से युक्त होंगे, जो चालक और यात्रियों, दोनों के लिए व्यापक सुरक्षा प्रदान करेंगे। अपनी प्रीमियम स्टाइलिंग और पूरी तरह से तकनीकी विशेषताओं से भरपूर, टोयोटा ग्लैंजा पहली बार कार खरीदने वालों, युवा पेशेवरों और शहरी यात्रियों के बीच एक पसंदीदा विकल्प बनी हुई है। अपने स्टाइलिश डिजाइन, ईंधन दक्षता और परेशानी मुक्त स्वामित्व के लिए दिल जीतने वाली, ग्लैंजा में छह एयरबैग मानक तौर पर होने से इसकी अपील और मजबूत होने की उम्मीद है, साथ ही हर ग्राहक के लिए मानसिक शांति सुनिश्चित होगी।



## अधिकारियों की रडार पर ढीमरखेड़ा के तथाकथित फर्जी वेंडर

# पंचायतों का दर्पण धुंधला : फर्जी बिल लगाकर धुंधले बिल पोर्टल पर कर रहे अपलोड....




**दैनिक रेवांचल टाईम्स, ढीमरखेड़ा। कहते हैं दर्पण कभी झूठ नहीं बोलता, लेकिन जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायतें दर्पण को ही झूठा ठहरा रही हैं। पंचायतों ने सरकार के पंचायत दर्पण पोर्टल पर धुंधले और फर्जी बिल अपलोड कर लाखों रुपए का आहरण कर लिया है। धुंधले बिल इसलिए लगाए जा रहे हैं ताकि उसे कोई पढ़ ना सके ना उसकी जांच हो। वहीं सबसे बड़ी लापरवाही यह है कि पोर्टल पर अपलोड इन बिलों की जांच करने वाला भी कोई नहीं है। इस संबंध में जनपद के अधिकारी भी अंजान बने हुये । ढीमरखेड़ा में कई ऐसे फर्जी वेंडर भी सक्रिय है जिनके द्वारा आयकर नहीं भरा जाता है लेकिन जीएसटी वाले फर्जी बिलों को लगाकर राशि आहरित की जा रही है। हालांकि इनके कारनामों की जानकारी जिला स्तर तक पहुंच चुकी है जल्द ही इनके विरूद्ध कार्यवाही की गाज गिर सकती है।**

### ट्रांसपेरेंसी के लिए पंचायत दर्पण पोर्टल हुआ था लॉन्च

गौरतलब है कि पंचायतों के कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सरकार ने पंचायत दर्पण पोर्टल की शुरूआत की है, ताकि पंचायत में होने वाले निर्माण कार्य में जितने रुपयों का खर्चा हुआ है, उसे ऑनलाइन देखा जा सके। इसमें भी अधिकारियों ने कारिस्तानी करना शुरू कर दिया है, पंचायत में फर्जी बिल लगाए जा रहे हैं। पोर्टल पर जो बिल लगाए गए हैं, वे पढ़ने में नहीं आ रहे हैं। ढीमरखेड़ा जनपद की अधिकांश ग्राम पंचायत ऐसी हैं, जहां फर्जी बिल लगाकर भुगतान किया जा रहा है। जिसकी समय-समय पर शिकायतें भी होती हैं, इसके बावजूद इसे सुधारा नहीं जा रहा है। कुछ समय पहले ही ग्राम पंचायत मुरवारी की शिकायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी से की गई थी बावजूद इसके किसी तरह की कोई कार्यवाही फर्जी बिल लगाने वाले मुरवारी सरपंच-सचिव पर नहीं की गई है। इसी तरह का भ्रष्टाचार ग्राम पंचायत सगौना में भी जारी है।

### ऑनलाईन दुकान संचालक दे रहे फर्जीवाड़े को अंजाम, आयकर विभाग भी जुटा पड़ताल में

जिस तरह से ढीमरखेड़ा जनपद की विभिन्न पंचायतों में इस तरह के फर्जीवाड़े को अंजाम दिया जा रहा है उसमें ऑनलाईन दुकान संचालित करने वाले ढीमरखेड़ा के कुछ दुकानदार आयकर विभाग की भी रडार में है। चूंकि इनके द्वारा ही सरपंचों-सचिवों के साथ संगामित्ती करके फर्जी बिलों को लगाकर राशि आहरित कर बंदरबांट किया जाता है। इनके द्वारा कई ऐसी भी फर्मों के बिल लगाये जाते है जिनका संबंधित सामग्री से कोई लेना-देना है लेकिन कमीशनखोरी के कारण यह सब ढीमरखेड़ा जनपद की ग्राम पंचायतों में चल रहा है। शासन के द्वारा ऑनलाईन पोट्रल का कोई औचित्य ही नहीं रह जाता है। चूंकि शासन के द्वारा पारदर्शिता बनाये रखने के लिये ऑनलाईन प्रक्रिया की शुरूआत की गई थी लेकिन इसका भी तोड़ भ्रष्टचारियों ने निकाल लिया है।

### पोर्टल पर जानबूझकर अपलोड किए धुंधले बिल

पोर्टल पर पंचायतों के लगे धुंधले बिल पंचायत दर्पण पोर्टल पर जिन पंचायतों के धुंधले बिल लगाए गए हैं, इस तरह के बिल किए अपलोड जनपद की अधिकांश पंचायत में बिलों को इस तरह से स्कैन किया जा रहा है कि उसे पढ़ा ही नहीं जा सकता। पोर्टल पर कई बिलों में महज सफेद जगह दिखाई दे रही है। यह पूरा खेल भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए किया गया। बता दें, कमीशन के चलते एक ही फर्म का बिल लगाकर उससे सभी तरह की संसाधन की खरीदी बता दी जाती है। इसका सीधा असर उस ग्राम पंचायत के निवासियों को होता है, जो अपने गांव के विकास की जानकरी नहीं ले पाते है। क्योंकि बिलों को छुपाकर पारदर्शिता खत्म करने पर लगे हुए है।



छपारा के सांदीपनि विद्यालय का मामला

## देखिए.... मुख्यमंत्री जी सांदीपनि विद्यालय की जमीनी हकीकत

### 38 करोड़ के सांदीपनि विद्यालय में सैकड़ों विद्यार्थी टाट-पट्टी पर बैठने को मजबूर

**छपारा** । मध्य प्रदेश सरकार जिस तरह से सीएम राइज बदला हुआ नाम सांदीपनि विद्यालय का व्यापक तौर से प्रचार प्रसार करते बखान कर रही हैं उसकी जमीनी हकीकत कुछ और ही हैं। जी हां दरअसल छपारा नगर में 38 करोड़ की लागत से नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय के लगभग 600 छात्र छात्राएं टाट-फट्टी पर बैठकर शिक्षा ग्रहण करते हुए सरकार और संदीपनी विद्यालय की व्यवस्थाओं की पोल खोल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सिवनी जिले के छपारा में 38 करोड़ की लागत से हाल ही में बने सांदीपनि विद्यालय में सत्र 25-26 में लगभग 2000 से अधिक विद्यार्थी अध्यनरत हैं। लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि लगभग 600 छात्र छात्राएं टाट पट्टी पर बैठकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जो प्रदेश सरकार की सांदीपनि विद्यालय के बड़े-बड़े बखानो की पोल खोल रहे हैं।

### किसकी जिम्मेदारी होगी तय?

बता दें कि 38 करोड़ की लागत से बने संदीपनी विद्यालय में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक लगभग 2000 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। जिनमें से लगभग 600 छात्र छात्राएं टाट पट्टी पर बैठकर अध्ययन करने को मजबूर हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार छठवीं सातवीं और नवमी कक्षा के 600 से अधिक छात्र-छात्राएं बिना फर्नीचर के टाट पट्टी पर बैठकर अध्ययन करते हुए इस बड़ी महत्वाकांक्षी योजना की जमीनी हकीकत दिखा रहे हैं। सवाल यह है कि सत्र के पहले ही विद्यालय प्रबंधन ने अध्यनरत छात्र-छात्राओं के बैठने के लिए फर्नीचर की व्यवस्था क्यों नहीं की? प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और शिक्षा मंत्री तथा सिवनी जिले के प्रभारी मंत्री सहित जिला कलेक्टर और शिक्षा विभाग इस बड़ी लापरवाही में किसकी जिम्मेदारी तय करेंगे यह देखने वाली बात होगी।

## जल संसाधन विभाग में चल रहा मेंटेनेंस के नाम पर लाखों का गोलमाल




**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी** - जल संसाधन विभाग में वैसे तो इतने गोलमाल है कि वह विभाग हमेशा ही सुर्खियों में बना रहता है लेकिन इस विभाग की धमक और बखत अभी कुछ दिनों में बहुत ज्यादा देखने को मिली है इस विभाग में भ्रष्टाचार नीचे से ऊपर तक अपना जाल बिछाए हुए हैं मगर इसकी जांच और कार्रवाई करेगा कौन इस विभाग की तो ऊपर तक धमक है लेकिन फिर भी शिकायत करने वाले भ्रष्टाचार को लेकर समय-समय पर शिकायत करते ही रहते हैं। उपयंत्री जल संसाधन उपसंभाग भोमा द्वारा, बम्होडी, खामखरेली, कंडीपार, पिपरिया टोला एवं चारगांव जलाशयों के नहर मरम्मत कार्य के लक्ष्मी नारायण कंस्ट्रक्शन कंपनी सिवनी के फर्जी बिल लगाकर लगभग 5 लाख रुपए के बिल लगाए गए हैं जबकि उप यंत्री द्वारा मरम्मत कार्य करवाया ही नहीं गया है और फर्जी बिल लगाकर राशि का बंदर वाट किया गया है। जिसकी पूर्व व वर्तमान फोटोग्राफ उपलब्ध हैं साथ ही ग्रामीणों द्वारा भी समय समय में इसकी शिकायत करते रहे है ग्रामीणों ने बताया कि मेंटेनेंस कार्य कभी कराया ही नहीं गया है और मेंटेनेंस के नाम पर लाखों रुपए की राशि बर्बाद हो गई और काम नहीं हो रहा है। इस मामले की जब इंजीनियर चौधरी से बात की गई तो उन्होंने मेंटेनेंस कराएं जानें की बात कहीं मगर यह तो चौधरी ही जाने कि उनके विभाग का मेंटेनेंस कहां होता है जो नेहर और बांधों में तो नजर नहीं आता बस विभाग के पूर्व कर्मचारी द्वारा बनाए गए फर्मो के और विभाग द्वारा निकाली गई राशि में ही नजर आता है।


## 3 पशुपालकों के विरूद्ध कोतवाली थाना में दर्ज हुई एफआईआर

**कटनी** । कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन के मामले में नगर निगम द्वारा घुमंतु पशुओं के 3 पशुपालकों के विरूद्ध रविवार की रात कोतवाली पुलिस थाना में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। इस प्रकार जिले में पशुओं को आवारा छोड़ने वाले 9 पशुपालकों के विरुद्ध अब तक प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है।

**पशुपालकों से अपील**- जिला प्रशासन द्वारा पशु मालिकों और पशुपालकों से आग्रह किया गया है कि वे अपने गौवंश को बांध कर रखें। ताकि सड़कों पर विचरण करते गौवंश जनहानि व दुर्घटना का कारण न बनें, कई बार वाहनों की टक्कर से बेजुबान पशु भी गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं और सड़क में दर्द से कराहते हैं और असह पीड़ा का सामना करते हैं। इसलिए मानवीय नजरिए से इन्हें घरों में बांध कर रखें ताकि ये बेजुबान पशु सड़कों में घायल न हो न और इन्हें कष्ट भी न हो। नेशनल हाइवे और जिले के अन्य व्यस्त सड़क मार्गों पर विचरण करते गौवंश और सड़कों में पशुओं के जमावड़े से संभावित सड़क दुर्घटना से लोक संपत्ति, पशु हानि एवं मानव जीवन की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री यादव द्वारा विगत 1 जुलाई को प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया था ।इसी आदेश के अनुक्रम में अब तक पुलिस थाना स्लीमनाबाद मे 5 और कुठला पुलिस थाना में एक तथा कोतवाली पुलिस थाना में 3 एफआईआर दर्ज की जा चुकी है।

### बच्चों की शिक्षा और ग्रामीणों की ज़िंदगी संकटग्रस्त

## रीठी के उजियारपुर और बखलेहटा के बीच बह गई पुलिया



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** रीठी जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत केना में आने वाले उजियारपुर और बखलेहटा गांवों को जोड़ने वाली लाखों रुपए खर्च कर बनवाई गई पुलिया अब पूरी तरह बह चुकी है। यह पुलिया बीते दो वर्षों से जर्जर हालत में थी, लेकिन पंचायत से लेकर जिला प्रशासन तक बार-बार शिकायतों और जनसुनवाइयों के बावजूद आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। अब बारिश के साथ ही यह पुलिया पूरी तरह से बह चुकी है और गांव के सैकड़ों लोग, खासकर स्कूली छात्र-छात्राएं रोजाना जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंचने को मजबूर हैं। कई बच्चे बिजली के खंभों का सहारा लेकर बहते पानी को पार करते हैं, जबकि कुछ बच्चों ने अब स्कूल जाना ही छोड़ दिया है।

**छात्रों को रोजाना 5 किलोमीटर का चक्कर!**- पहले जो दूरी आधा किलोमीटर थी, अब उसे पार करने के लिए छात्रों को 5 किलोमीटर का जोखिम भरा और लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है। यह स्थिति केवल शारीरिक थकान नहीं, बल्कि शिक्षा से दूरी और जीवन को खतरे में डालने जैसा है।

**क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार है?**- जनसुनवाई में शिकायत दर्ज होने के बावजूद, प्रशासनिक अमला अभी तक मौके पर नहीं पहुंचा है। ग्रामीणों का सवाल है क्या किसी गंभीर हादसे के बाद ही प्रशासन जागेगा?

### ग्रामीणों की मांग

यहां पर उत्पन्न पीड़ादायक समस्या को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा कि तत्काल यहां पर स्थायी पुलिया का निर्माण कराया जाए। बच्चों के लिए वैकल्पिक और सुरक्षित मार्ग की व्यवस्था की जाए। जनसुनवाई की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाए। लोगों ने कहा की यह सिर्फ सीमेंट और कंक्रीट की मांग नहीं, ये बच्चों के भविष्य और उनकी सुरक्षा का सवाल है।

कलेक्टर के निर्देश पर आयोजित हुई समय सीमा की बैठक

## सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग में करें सुधारः कलेक्टर

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में अपर कलेक्टर साधना परस्ते ने सीएम हेल्पलाइन, समय-सीमा पत्रों, मूंग एवं उड़द पंजीयन, लंबित सीमांकन आवेदनों सहित कार्यालयों में लागू ई-ऑफिस प्रणाली की समीक्षा करते हुए विभागों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सभी डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, आयुक्त नगर निगम नीलेश दुबे, जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, जिला श्रम अधिकारी केवी मिश्रा, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह, आबकारी अधिकारी विभा मरकाम, उपसंचालक कृषि मनीष मिश्रा जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, अग्रणी जिला प्रबंधक सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

**गंभीरता से हो कैंपों का संचालन**- बैठक के दौरान जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु स्कूलों में लगाये जा रहे कैंपों में कम्प्यूटर ऑपरेटरों के न पहुंचने पर अपर कलेक्टर श्रीमती परस्ते ने ई-गवर्नेस के सहायक प्रबंधक श्री चतुर्वेदी के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुये जारी समय-सारणी के अनुसार डीईओ, एसडीएम एवं डीपीसी से समन्वय करते हुए पूरी गंभीरता के साथ कैंपों का समयबद्ध संचालन करवाने के निर्देश दिए। ताकि इन कैंपों में पहुंचने वाले बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बिना किसी परेशानी के बन सके व ये बच्चे शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित न होने पाये।

**सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग में सुधार करें**- सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए अपर कलेक्टर श्रीमती परस्ते ने सभी विभागों को सीपीग्राम से प्राप्त शिकायतों के जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। सीपीग्राम शिकायतों के अंतर्गत ज्यादा शिकायतें राजस्व एवं पुलिस विभाग के अंतर्गत लंबित है। उन्होंने जिले की रैंकिंग प्रभावित करने वाले सी और डी ग्रेड वाले विभागों को सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का शीघ्र निराकरण कर रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान उन्होंने कृषि उपज मंडी के द्वारा जून माह की शिकायतों को अटेंड न करने पर नाराजगी जाहिर करते हुए सभी विभागों को शिकायतों को अटेंड कर लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि समस्त विभाग 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतें जिनका निराकरण संभव नहीं है, उनको फोर्स क्लोज करायें।

## छहरी में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

**कटनी** । म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निदेर्शानुसार एवं जितेन्द्र कुमार शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के मार्गदर्शन में सोमवार को माधवनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत छहरी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सुमित शर्मा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा ग्रामीण महिलाओं एवं पुरूषों से उनके राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड के संबंध में जानकारी ली गई एवं पैरालीगल वालेंटियर रवि नामदेव को निर्देशित किया गया की जिन लोगों के राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उन लोगों के कार्ड बनवाए जाने में सहयोग करें। साथ ही निःशुल्क विधिक सहायता, म.प्र. अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, नालसा टोल फ्री नम्बर 15100, मध्यस्थता जागरूकता, तथा महिलाओं के अधिकारों के प्रति कानूनी सहायता के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुये बताया गया कि किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या के समाधान के लिए आप स्वयं एवं पैरालीगल वालेंटियर के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सचिव, पैरालीगल वालेंटियर रवि नामदेव एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी राजनिवास पाण्डेय, संदीप मिश्रा एवं ग्रामीण महिलायें एवं पुरूष उपस्थित रहे।

## स्लीमनाबाद बाबा गढ़ मंदिर में लगा भक्तों का जमावड़ा



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** जैसा कि श्रवण मास शुरू हो गया है श्रवण मास शुरू होते ही भक्तों ने शिवालय जाकर भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन किया विगत दिवस श्रवण मास का पहला सोमवार था जिसको लेकर भक्तों के हृदय में भगवान शिव के लिए अगाध भक्ति देखने को मिली जिले के स्लीमनाबाद में तिराहा पर बनी भव्य मंदिर बाबा गढ़ धाम में भी सुबह से भक्तों की कतार देखी गई सावन के पहले सोमवार को भक्तों ने बाबा गढ़ पहुंचकर भगवान शिव को बड़े ही भक्ति भाव से दुग्ध जल अर्पण किया बाबा गढ़ धाम में प्रथम सोमवार को भगवान शिव का अभिषेक हुआ भक्तों ने भगवान भोलेनाथ के जम कर जयकारे लगाए, आपको बता दे कि भगवान भोले नाथ प्रकृति के देवता माने जाते है इसलिए सावन माह में प्रकृति की पूजा के रूप में महादेव की पूजा की जाती है प्रकृति से हमे जीवन और जीवन जीने के साधन मिलते है सनातन परंपरा में प्रकृति पूजा को सर्वोच्च बताया गया है इसलिए सावन माह में प्रकृति के देवता भगवान शिव की पूजा की जाती है । गौरतलब हो कि स्लीमनाबाद में स्थित विशाल भगवान शिव का मंदिर जिसे बाबा धाम के नाम से जाना जाता है यहां पर वर्ष भर में अनगिनत धार्मिक कार्यक्रम होते रहते है बाबा गढ़ धाम समिति सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष सावन के पूरे माह में अखंड मानस पाठ का आयोजन किया जाता है साथ ही सावन माह के अंत में मानस पाठ के विसर्जन के साथ भंडारा का आयोजन किया जाता है इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा के दूसरे दिन से अखंड मानस पाठ का आयोजन किया गया है साथ ही मानस विसर्जन के साथ भंडारे का आयोजन किया जाएगा सावन माह के प्रत्येक सोमवार को भगवान शिव का अभिषेक किया जाता है कल भगवान भोलेनाथ का दोपहर से अभिषेक प्रारंभ हुआ था आगामी सोमवार को भी विशाल रुद्राभिषेक होगा साथ ही प्रत्येक सोमवार को महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई अंतर्राज्यीय नकबजन गिरोह पकड़ाए

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता द्वारा जिले मे हो रही चोरी, नकबजनी और लूट की घटनाओं पर रोक लगाने हेतु सभी थाना प्रभारीयों को आदेशित किया गया था। इसी कड़ी में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी के मार्गदर्शन में और अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लखनादौन के नेतृत्व में सिवनी पुलिस ने अंतर्राज्यीय नकबजन गिरोह को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। घटना का विवरण इस प्रकार है- पुलिस थाना धूमा में दिनांक 18 एवं 19.06.25 की दरम्यानी रात को धूमा मे अज्ञात आरोपीयो के द्वारा संजय ज्वेलर्स धूमा मे सोने चांदी के जेवर, नगदी एवं अन्य घर से एक मो.सा. चोरी कर भाग गये थे। जिस पर दिनांक 19.06.25 को फरियादी संजय चौकसे पिता जगदीश चौकसे उम्र 45 साल निवासी मेन रोड़ धूमा जिला सिवनी और भगवान दास ककोड़िया पिता संतलाल ककोड़िया उम्र 46 साल निवासी टंकी मोहल्ला धूमा जिला सिवनी की रिपोर्ट पर पृथक पृथक अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया और अज्ञात आरोपीयो की तलाश पतासाजी शुरू की गई। पुलिस थाना छपारा छपारा में दिनांक 23 एवं 24.06.25 की दरम्यानी रात को छपारा मे भी अज्ञात आरोपीयो के द्वारा ज्वेलरी शॉप एवं सूने घर मे ताला तोडकर सोना चांदी के जेवर चोरी कर भाग गये थे जिस पर पुलिस थाना छपारा मे फरियादी भगवानदास सोनी पिता रुपचंद सोनी उम्र 69 साल निवासी छपारा और फरियादी टेकचंद भारती पिता फंदीलाल भारती उम्र 59 साल निवासी वार्ड नं. 10 विवेकानंद वार्ड छपारा थाना छपारा की रिपोर्ट पर पृथक पृथक अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया और अज्ञात आरोपीयो की तलाश पतासाजी शुरू की गई।



उपरोक्त घटित गंभीर घटनाओं की पतारसी हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी श्री सुनील मेहता द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को आदेशित किया गया था। श्रीमान के आदेशानुसार श्रीमान अति० पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन मे श्रीमान एस. डी. ओ.पी लखनादौन महोदय के नेतृत्व मे जिला स्तरीय पुलिस टीम गठित कर मामले की जांच शुरू की गई। जांच दौरान पुलिस टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य, भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर के माध्यम से अज्ञात आरोपीयो के सबंध मे साक्ष्य एकत्रित किये गये थे। अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्राप्त साक्ष्य के आधार पर पुलिस टीम को जिला ग्वालियर रवाना किया गया। पुलिस टीम के द्वारा ग्वालियर मे स्थानीय पुलिस की मदद एवं तकनीकी आधार पर 03 आरोपीयों एवं 01 विधि विरूध्द बालक को गिरफ्तार कर पुछताछ की गई जिन्होने घटना दिनांक को अपने साथियों के साथ मिलकर धूमा और छपारा में ज्वेलरी शॉप और सूने मकान में सोने-चांदी के आभूषण और नगदी रुपये और मोटर साईकिल चोरी कर चोरी कर करना स्वीकार किया गया। जिनसे धूमा एवं छपारा मे चोरी गये सोने चांदी के आभूषण, चोरी मे प्रयुक्त वाहन एवं चोरी मे प्रयुक्त हथियार को जप्त किया गया। प्रकरण मे आरोपीयो को पुलिस रिमाण्ड मे लेकर पूछताछ जारी है। प्रकरण में अन्य फरार आरोपियों की तलाश पतासाजी जारी है। प्रकरण में धारा 25 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गई है। **क्षेत्र में घूमकर करते थे रैकी**- आरोपियों की कार्यप्रणाली झ आरोपीगण घटना कारित करने के पहले उस क्षेत्र में घूमकर रैकी कर लेते है, जिस घर / दुकान मे चोरी करना होता है उसको चिन्हित कर लेते है, फिर आरोपीगण रात्रि के समय करीब 02 से 03 बजे के बीच जब लोग गहरी नींद मे होते है उसी दौरान घर या दुकानों के ताले तोडकर घर में घुसकर चोरी करते है। आरोपीगणो को ताला तोडने का इनको बहुत अनुभव है जिसके कारण आरोपीगण किसी भी प्रकार का ताला आसानी से तोड देते है। **गिरफ्तार आरोपी में**- सुलतान सिंह पिता नाहर सिंह उम्र 50 साल निवासी खेड़ा थाना बिजोली जिला ग्वालियर, विनेश सिंह कुशवाह पिता कन्हैयालाल कुशवाह उम्र 21 साल निवासी सिरसोद थाना हस्तिनापुर जिला ग्वालियर, ब्रजमोहन कुशवाह पिता मानसिंह कुशवाह उम्र 25 साल निवासी ग्राम सिरसोद थाना हस्तिनापुर जिला ग्वालियर, विधि विरोधी बालक उम्र 17 साल 06 माह निवासी डोंगरपुर ताल थाना बिजोली जिला ग्वालियर। जप्त मशरूका झ सफेद रंग की बलेनो कार क्रमांक MP-07-ZZ-3049 कीमती करीब 10 लाख रुपए, सफेद रंग की बोलेरो कार सफेद रंग की बोलेरो कार क्र. MP-07-CG-5110 कीमती करीब 08 लाख रुपए , 11 किलो ग्राम नयी और पुरानी चांदी कीमती करीब 11 लाख रुपए। एक देशी कट्टा और 05 नग राउंड कीमती करीबन 50 हजार रुपए।

सोने के आभूषण कीमती करीब 05 लाख रुपए कुल बरामद मशरूका = 34 लाख 50 हजार रुपए । महत्वपूर्ण भूमिका झ अपूर्व भलावी एस.डी.ओ.पी लखनादौन, निरीक्षक मोहनीस सिह बैस थाना प्रभारी बरघाट, निरी० खेमेन्द्र जैतवार थाना प्रभारी छपारा, उनि० शत्रुघन पटले थाना प्रभारी धूमा, थाना धूमा से- सउनि सौरभ शर्मा, आर. 489 अरूण पटेल, आर. 111 नेक सिह, आर. 636 भैय्यन अंसारी, थाना छपारा से-उनि० सुक्कूलाल उइके, प्र.आर. 451 मूल सिह उइके, आर.456 गजानंद वर्मा, आर. 253 रामनरेश, थाना लखनादौन से आर. 43 नवनीत पाण्डेय थाना बरघाट से-प्र. आर. 366 शेखर बघेल, पुलिस अधीक्षक कार्यालय सिवनी से प्र. आर. 490 योगेश राजपूत सायबर सेल सिवनी से सउनि देवेन्द्र जायसवाल, आर. अजय बघेल, आर. विनय चौरिया और पुलिस थाना बिजोली जिला ग्वालियर से आर. 1923 अरूण पवैया का सराहनी योगदान रहा।

# वैश्विक टेक्सटाइल हब के रूप में मध्यप्रदेश को स्थापित करने की दिशा में अहम पहल



भोपाल। दुबई दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने टेक्सटाइल मर्चेंट्स ग्रुप (TEXMAS) के मुख्यालय का भ्रमण किया और दुबई के प्रमुख कपड़ा व्यापारियों से मुलाकात कर उद्योग एवं निवेश से जुड़े अनेक विषयों पर चर्चा की। इस उच्च स्तरीय संवाद का उद्देश्य भारत-यूएई समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते (CEPA) के तहत कपड़ा क्षेत्र में व्यापार, नवाचार और निवेश के अवसरों को सशक्त बनाना है। टेक्समास की स्थापना 1990 में दुबई चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संरक्षण में हुई थी। यह दुबई के टेक्सटाइल री-एक्सपोर्ट हब के रूप में विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है। चेयरमैन श्री नासिर अखून, वाइस चेयरमैन श्री विनोद नागदा, और अन्य भारतीय मूल के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुई बैठक में दोनों पक्षों ने उएढअ के तहत द्विपक्षीय व्यापार को गति देने पर सहमति जताई।

## मध्यप्रदेश: टेक्सटाइल निवेश का अगला गंतव्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टेक्समास के प्रतिनिधियों को बताया कि मध्यप्रदेश देश के प्रमुख वस्त्र उत्पादन राज्यों में से एक है। यहां पीएम मित्रा पार्क (धार) जैसे अत्याधुनिक टेक्सटाइल क्लस्टर वैश्विक निवेशकों के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने राज्य की नई औद्योगिक नीति 2025 के तहत भूमि, पूंजीगत अनुदान, SGST प्रतिपूर्ति और श्रम सुविधा जैसे प्रावधानों से अवगत कराया। टेक्समास द्वारा अपनाए जा रहे ई-कॉमर्स, RFID इन्वेंट्री और डिजिटल लॉजिस्टिक्स समाधानों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग और इंडस्ट्री 4.0 को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने इस क्षेत्र में तकनीकी सहयोग हेतु यूएई कंपनियों को आमंत्रित किया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव का टेक्समास मुख्यालय दौरा



## हरित वस्त्र एवं सतत उत्पादन पर विशेष ध्यान

बैठक में टेक्समास द्वारा एव/वर मानकों के अनुरूप हरित वस्त्र उत्पादन और लॉजिस्टिक्स में ग्रीन इनिशिएटिव्स पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश हरित टेक्सटाइल और जैविक कॉटन जैसे क्षेत्रों में तेजी से उभर रहा है।

I2U2 साझेदारियों के लिए तैयार मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश I2U2 (इंडिया, इजराइल, यूएई, यूएसए) के फोकस क्षेत्रों–क्लीन टेक, फूड लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक नवाचार में निवेश हेतु तैयार है। उन्होंने पायलट प्रोजेक्ट्स के लिए टेक्समास जैसी संस्थाओं को आमंत्रित किया।

## टेक्सटाइल में युवा उद्यमियों के लिए अवसर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार नई पीढ़ी के टेक्सटाइल उद्यमियों को प्रशिक्षण, लाइसेंसिंग मार्गदर्शन और पूंजीगत समर्थन देने के लिए एक विशेष स्टार्टअप पॉलिसी लागू कर रही है। उन्होंने ळएटअर से युवा उद्यमियों के साथ जुड़ने और इ2इ संवाद आयोजित करने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यह पहल सिर्फ निवेश प्रोत्साहन नहीं, बल्कि भारत-यूएई टेक्सटाइल व्यापार संबंधों को नई ऊंचाई देने की दिशा में एक दूरदर्शी कदम है। टेक्समास जैसे वैश्विक संगठनों से सहयोग प्राप्त कर मध्यप्रदेश को कपड़ा उद्योग में वैश्विक हब बनाने की राज्य सरकार की योजना अब वास्तविकता की ओर बढ़ रही है।

## मध्यप्रदेश बनेगा एविएशन और लॉजिस्टिक हब

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुबई यात्रा के दौरान एमिरेट्स एयरलाइंस और दुबई सिविल एविएशन अथॉरिटी के चेयरमैन शेख अहमद बिन सईद अल मकतूम के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक मध्यप्रदेश और यूएई के बीच उड्डयन संबंधों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम पड़ाव साबित हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एयर एंबुलेंस फ्लाइट सेक्टर में अच्छी संभावना है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्ग दर्शन में मध्यप्रदेश एविएशन में जो काम कर रहा है उसमें भी दुबई सहयोग देने को तैयार है।

**क्षेत्रीय कार्गो हब के प्रस्ताव पर बनी सहमति :** बैठक में मुख्य रूप से इंदौर और भोपाल शहरों से दुबई के लिए सीधी विमान सेवाएं शुरू करने पर चर्चा हुई। मध्य भारत में एक क्षेत्रीय कार्गो हब स्थापित करने के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। एविएशन ट्रेनिंग और टफ्ड (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) इन्फ्रास्ट्रक्चर में संयुक्त निवेश एवं प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना को लेकर भी सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ। प्रदेश में इनबाउंड टूरिज्म को बढ़ावा देने और एमिरेट्स एविएशन अकादमी के कैंपस की स्थापना की संभावना पर भी गंभीर चर्चा की हुई। मध्यप्रदेश को भारत का एक प्रमुख एविएशन और लॉजिस्टिक्स हब बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो राज्य के आर्थिक और औद्योगिक विकास में नई उड़ान भरेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक के बाद दुबई में मीडिया से संवाद करते हुए कहा कि आज सुबह से निवेशकों और उद्योगपतियों के साथ अलग-

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुबई में JITO प्रतिनिधियों से किया संवाद

### स्किलिंग, नवकरणीय ऊर्जा, टेक्नोलॉजी व संयुक्त निवेश फोरम की संभावनाओं पर चर्चा

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुबई प्रवास के दूसरे दिन जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के प्रतिनिधियों के साथ निवेश और सहयोग को लेकर व्यापक चर्चा की।

उन्होंने मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश, स्किलिंग और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के सरकार के विजन को साझा किया और खक्ळड समुदाय को प्रदेश की औद्योगिक प्रगति का भागीदार बनने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश आज लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी, स्थायित्व, दक्ष मानव संसाधन और अनुकूल औद्योगिक नीतियों के कारण निवेश के लिए देश का सर्वाधिक उपयुक्त राज्य बन चुका है। सरकार निवेशकों को न केवल आकर्षित कर रही है, बल्कि जमीन आवंटन से लेकर परियोजनाओं के क्रियान्वयन तक सक्रिय सहयोगी की भूमिका भी निभा रही है। बैठक के दौरान मध्यप्रदेश और JITO के बीच संभावित सहयोग के अनेक बिंदु पर चर्चा हुई जिनमें दुबई में एक वार्षिक 'टढ-खक्ळड निवेश फोरम' की स्थापना करने पर भी विचार किया गया। इस फोरम के माध्यम से मध्यप्रदेश की लॉजिस्टिक्स, औद्योगिक पार्क, इलेक्ट्रिक वाहन, फूड प्रोसेसिंग और सेमीकंडक्टर जैसी प्रमुख परियोजनाओं को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर JITO प्रतिनिधियों को आगामी निवेश फोरम के आयोजन का आमंत्रण दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य की नवीन लॉजिस्टिक्स नीति न केवल निर्यातकों को प्रोत्साहित करती है, बल्कि अधोसंरचना डेवलपर्स के लिए भी अनेक प्रावधान किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खक्ळड से जुड़े टेक्सटाइल और फूड सेक्टर के कॉरपोरेट्स को उज्जैन, मंदसौर और बसई जैसे क्षेत्रों में ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट्स में भागीदारी के लिए आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुझाव दिया कि दुबई स्थित कौशल विकास संस्थान मध्यप्रदेश के ग्लोबल स्किल पार्क के साथ मिलकर संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करे, जिससे उद्योगों को कुशल मानव संसाधन मिल सके।

## भारतीय दूतावास स्तर पर स्थाई संपर्क तंत्र विकसित करने पर सहमति

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के तीन दिवसीय दुबई दौरे के दूसरे दिन की शुरूआत भारतीय कॉउन्सल जनरल श्री सतीश कुमार सिवन द्वारा आयोजित ब्रेकफास्ट ब्रीफिंग से हुई। बैठक में भारतीय दूतावास स्तर पर एक स्थाई संपर्क तंत्र विकासित किये जाने पर सहमति बनी जिससे मध्यप्रदेश और यूएई के बीच संस्थागत संवाद के निरंतरता बने रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की छवि ब्रांड इंडिया के अंतर्गत वैश्विक स्तर पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करने में भारतीय मिशन की निर्णयाक भूमिका हो सकती है। ताज बिजनेस बे स्थित बॉम्बे ब्रैसरी में इस मुलाकात में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को यूएई में भारत की विभिन्न गतिविधियों और संभावित सहयोग क्षेत्रों की जानकारी दी गई। बैठक के दौरान जिन विषयों पर प्रमुखता से चर्चा हुई, उनमें मध्यप्रदेश प्रवासी व्यवसायियों को निवेश के लिए प्रेरित करने के विशेष प्रयास, दुबई-



मध्यप्रदेश के बीच सांस्कृतिक एवं धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की संभावनाएं और दुबई में ह्लएमपी डेह्न आयोजित करने के लिए भारतीय मिशन की भागीदारी जैसे अहम विषय शामिल रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने औद्योगिक, अधोसंरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि दुबई के प्रमुख औद्योगिक समूहों से मध्यप्रदेश उद्योग विभाग के सीधे संपर्क के लिए मिशन स्तर पर समन्वय किया जाएगा। साथ ही कृषि, टेक्सटाइल, ईवी, लॉजिस्टिक्स और पर्यटन जैसे प्राथमिक क्षेत्रों में कॉन्सुलेट की अगुवाई में सेक्टर-विशेष राउंडटेबल आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन सभी प्रस्तावों को सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ लिया। कॉउन्सल जनरल श्री सिवन ने जानकारी दी कि दुबई में कार्यरत मध्यप्रदेश मूल के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम से जुड़े व्यवसायियों की पहचान कर उन्हें प्रदेश सरकार की अनुकूल नीतियों से जोड़ा जा सकता है। तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में भी सहयोग की संभावनाएं रेखांकित की गईं, जिसमें विशेष रूप से इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और सौर ऊर्जा से जुड़ी संस्थाएँ शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इन सभी प्रस्तावों को सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ लिया और कहा कि मध्यप्रदेश की छवि को ब्रांड इंडिया के अंतर्गत वैश्विक स्तर पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करने में भारतीय मिशन की भूमिका निर्णायक हो सकती है। ब्रीफिंग के दौरान अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री संजय दुबे, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन श्री राघवेंद्र सिंह, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति श्री शिवशेखर शुक्ला, सचिव एवं आयुक्त जनसंपर्क डॉ. सुदाम खाड़े सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भोपाल में टैक्सी यूनियन की हड़ताल का मिला-जुला असर

## 500 टैक्सी बंद, ई-रिक्शा-ऑटो चालकों ने वसूला मनमाना किराया



भोपाल। राजधानी में टैक्सी यूनियन की हड़ताल का मिला-जुला असर देखने को मिल रहा है। यूनियन ने भले ही 2500 टैक्सियों के पहिए थमने का दावा किया था, लेकिन जमीनी हालात कुछ और है। जानकारी के मुताबिक अब तक 400 से 500 टैक्सियां ही हड़ताल में शामिल हुई हैं, जबकि बाकी टैक्सियां सड़कों पर नजर आ रही हैं या फिर ऐप आधारित सेवा में सक्रिय हैं। जिन यात्रियों को टैक्सी नहीं मिल रही हैं, उन्होंने ई-रिक्शा और कुछेक खुले ऑटो का सहारा लिया, लेकिन इन चालकों ने मौके का फायदा उठाते हुए 2 से 3 गुना ज्यादा किराया वसूलना शुरू कर दिया है।

**भोपाल स्टेशन पर 40 की जगह वसूले 80 रुपए :** भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्री मोहम्मद जावेद ने बताया कि वह जुमराती बाजार से स्टेशन पहुंचे हैं और उनसे 80 रुपए किराया वसूला गया है। जबकि आम दिनों में यह सफर 35 से 40 रुपए में पूरा हो जाता है।

**अंबेडकर मैदान में जुटे टैक्सी चालक, 250 से ज्यादा गाड़ियां खड़ीं :** इधर, अंबेडकर जयंती पार्क में हड़ताल के समर्थन में टैक्सी चालकों और यूनियन पदाधिकारियों का जमावड़ा जारी है। दोपहर तक यहां 250 से 300 टैक्सियां खड़ी हो चुकी थीं। यूनियन पदाधिकारी मंच से सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं और मांगों को दोहराया जा रहे हैं।

**यात्रियों की जेब पर असर, प्रशासन नदारद :** टैक्सियां बंद होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, खासतौर पर स्टेशन, एयरपोर्ट और बस स्टैंड पर। उन्हें साधन तो मिल रहा है, पर किराया अधिक देना पड़ रहा है। किराए में बढ़ोतरी को लेकर किसी तरह की प्रशासनिक निगरानी नजर नहीं आई।

**शांतिपूर्ण रहेगा प्रदर्शन, पुलिस से ली गई अनुमति :** यूनियन के राष्ट्रीय सचिव नफीसउद्दीन ने बताया कि यह विरोध प्रदर्शन राजधानी सहित प्रदेशभर के टैक्सी चालकों की उपेक्षा और शोषण के खिलाफ है। प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा और इसके लिए पुलिस प्रशासन से विधिवत अनुमति ली गई है।यूनियन ने शहरभर में पोस्टर और पंपलेट लगाकर आमजन को अलर्ट किया है। 11 बजे से 5 बजे तक हम अंबेडकर मैदान में धरना देंगे।

# गेहूं बेचने के बाद 80 किसानों को नहीं मिला भुगतान

## 2 करोड़ से ज्यादा की राशि अटकी, बोले- समाधान नहीं हुआ तो नहीं कर पाएंगे अगली फसल की बुआई

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा जिले की चौरई कृषि उपज मंडी में एक व्यापारी द्वारा 80 किसानों से गेहूं खरीदकर भुगतान न करने का मामला सामने आया है। ग्राम चौरई निवासी प्रिंश जैन, जो ज्ञाता श्री ट्रेडर्स के नाम से व्यापार करता है, ने इन किसानों से करीब 2 करोड़ रुपए का गेहूं खरीदा, लेकिन अब तक किसी भी किसान को भुगतान नहीं किया गया है। इससे किसानों में आक्रोश है और वे लगातार मंडी समिति व प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं। किसान अनिरुद्ध बघेल ने बताया कि उन्होंने 15 और 22 अप्रैल को कुल 388 क्विंटल गेहूं बेचा था, जिसकी कीमत करीब 9.90 लाख रुपए थी। वहीं किसान इंद्रकुमार सनोडिया ने 111 क्विंटल गेहूं लगभग 2.5 लाख रुपए में बेचा था। दोनों को एक हफ्ते में भुगतान का आश्वासन मिला था, लेकिन महीनों बीतने के बावजूद पैसे नहीं मिले।

**कुल बकाया 1.83 करोड़ से ज्यादा :** यह मामला सिर्फ दो किसानों का नहीं है। चौरई व आसपास के 78 अन्य किसानों ने भी प्रिंश जैन को गेहूं बेचा, लेकिन किसी को भुगतान नहीं किया गया। सभी किसानों की कुल बकाया राशि करीब 1.83 करोड़ रुपए आंकी जा रही है।



**किसान थानों और अफसरों के चक्कर काट रहे :** किसानों ने कई बार चौरई थाने में शिकायत की है। साथ ही चौरई रउ्ट और संयुक्त कलेक्टर अंकिता त्रिपाठी को तीन बार आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस जांच या कार्रवाई नहीं की गई है। किसान मंडी समिति से भी मदद की मांग कर चुके हैं।

**भविष्य की फसल पर संकट :** किसानों का कहना है कि अगर समय रहते उन्हें भुगतान नहीं मिला तो वे अगली फसल की बुआई नहीं कर पाएंगे। यह उनके लिए भारी आर्थिक संकट का कारण बन सकता है और पूरे क्षेत्र की ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर असर डालेगा।

**प्रशासन से मांग :** किसानों ने जिला प्रशासन और न्यायालय से मांग की है कि ज्ञाता श्री ट्रेडर्स और प्रिंश जैन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और जल्द से जल्द उन्हें उनकी फसल की राशि दिलाई जाए। किसानों ने संबंधित विक्रय बिल और दस्तावेज भी अधिकारियों को सौंप दिए हैं।

# यूरिया की किल्लत पर कृषि विभाग का जवाब

## बैतूल में 58 हजार टन यूरिया उपलब्ध; एक सप्ताह में 8 हजार टन और आएगा

बैतूल। बैतूल में यूरिया की कमी को लेकर कांग्रेस की चेतावनी के बाद कृषि विभाग ने स्थिति स्पष्ट की है। विभाग के अनुसार जिले में पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध है। जिले में मक्का का क्षेत्र इस वर्ष बढ़कर 2 लाख 45 हजार 200 हेक्टेयर हो गया है, जो पिछले साल 2 लाख 11 हजार 235 हेक्टेयर था। क्षेत्र में वृद्धि के कारण यूरिया की मांग बढ़ी है। जिले का यूरिया भंडारण लक्ष्य 60 हजार से बढ़ाकर 70 हजार मीट्रिक टन किया जा रहा है। कृषि विभाग के अनुसार अब तक जिले में 58 हजार 186 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराया गया है। इसमें से 52 हजार 570 मीट्रिक टन किसानों को वितरित किया जा चुका है। वर्तमान में सहकारी समितियों में 1 हजार 43 मीट्रिक टन और निजी विक्रेताओं के पास 435.68 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है।

# छिंदवाड़ा में 4 दिन बाद खत्म हुई बसों की हड़ताल:आज से सभी रूटों पर चलेंगी बस

छिंदवाड़ा। बस एसोसिएशन और जिला प्रशासन के बीच लंबे समय से चले आ रहे गतिरोध को समाप्त करने के लिए सांसद विवेक बंटी साहू ने मध्यस्थता की। उन्होंने शुक्रवार को बस यूनियन, ट्रैफिक पुलिस, आरटीओ और कलेक्टर के साथ बैठक कर मामले का समाधान निकालने की दिशा में पहल की, जिसके बाद हड़ताल वापस लेने का निर्णय हुआ। बता दें कि पिछले दो महीने से ट्रैफिक पुलिस बस स्टॉपेज को लेकर लगातार चालानी कार्रवाई कर रहे थे, जिसके विरोध में जिले सहित बैतूल, पांढुरना, सिवनी, नरसिंहपुर, जबलपुर, बालाघाट, भोपाल और नागपुर मार्गों की बसें पूरी तरह बंद कर दी गई थीं। चार दिनों से बस संचालन पूरी तरह ठप होने के चलते ग्रामीण और शहरी यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बस यूनियन के पदाधिकारियों का कहना था कि जिले में निर्धारित बस स्टॉपेज न होने के बावजूद चालान किया जा रहा है, जिससे ऑपरेटरों में भारी असंतोष था। मामले पर कई बार प्रशासन से चर्चा हुई लेकिन कोई समाधान नहीं निकल पाया था।

**दो दिन के अंदर समाधान निकालने का आश्वासन :** इस बीच, सांसद विवेक बंटी साहू ने सामने आकर जिम्मेदारी लेते हुए प्रशासनिक अधिकारियों और यूनियन के प्रतिनिधियों के बीच सामंजस्य स्थापित किया। उन्होंने कहा कि आम जनता को हो रही परेशानियों को देखते हुए ये जरूरी था कि सभी पक्ष बैठकर रास्ता निकालें। उन्होंने प्रशासन को दो दिन के अंदर नियम अनुसार समाधान निकालने का आश्वासन भी दिया।

**आज से जिले सहित सभी प्रमुख मार्गों पर शुरू होगा संचालन :** बस एसोसिएशन ने हड़ताल खत्म करने के फैसले के साथ ही सांसद साहू का आभार जताया। साथ ही सभी मीडिया प्रतिनिधियों, जिले और आसपास के रूट्स के बस संचालकों, प्रदेश संगठन और आमजन का भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने इस विरोध को सफल बनाया और समस्या का शांतिपूर्ण समाधान निकाला।

# एसआई को वाहन ने टक्कर मारी, मौत

रायसेन। रायसेन जिले में नेशनल हाईवे-45 पर रविवार-सोमवार की दरमियानी रात दर्दनाक हादसा हो गया। गाडरबारा में पदस्थ सब इंस्पेक्टर नीलेश बड़कुर (उम्र लगभग 35 वर्ष) की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। हादसा रायसेन जिले के बरेली क्षेत्र के ग्राम बटेरा के पास हुआ। सब इंस्पेक्टर नीलेश बरेली के बटेरा गांव में अपने घर जाने के लिए लिफ्ट लेने खड़े थे। तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बरेली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए बरेली सिविल अस्पताल भिजवाया गया। जहां फिलहाल पोस्टमार्टम की प्रक्रिया जारी है।



# बच्चों से लेकर बूढ़े भी हो रहे भुट्टा के दीवाने

## बाजार मे भुटे बढ़ी मांग अन्य जिलों से हो रही पूर्ति : सीजन के हिसाब से लोगों की पसंद बना भुट्टा







**सावन का माह जितना पावन व पुनीत होता है उतना ही मनमोहक भी होता है रिमझिम बारिश के साथ लोगो को नई – नई खान पान की चीजों को भी परोसता है। बारिश होने पर लोग पकोड़ो की मांग करने लगते है ऐसी अनको चीजें है। बीते कुछ दिनों से बाजार मे आने वाले भुट्टे की मांग निरंतर बढ़ती जा रही है। जिले भर मे भुट्टे बेचने वाले को दर्जनों दुकाने गली चैराहो पर लगी नजर आने लगी है।**

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** सीजन के हिसाब से लोगों के खानपान में भी अनेको वस्तुओं की वृद्धि होती रहती है। कुछ चीजें मौसम के अनुसार ही खाने को प्राप्त होती है लेकिन कुछ चीजें हमेशा मिलती रहती है। मौसम के अनुसार मिलने वाली चीजों मे मक्का का भुट्टा भी एक ऐसा ही मौसमी फसल है। हालांकि शंसाधनों के चलते भुट्टा बारह माह मिलने लगे है लेकिन सावन के माह मे भुट्टा खाने का आनंद ही अलग है। नगर व जिले भर मे भुट्टे के सैंकड़ो ठेले लगे हुये है। ठेलो पर बिकने वाले भुट्टे को देखकर प्रत्येक आते जाते लोगो का मन मोह रखा है। बच्चो से लेकर बूढ़े भी भुट्टे को अपनी पंसदीदा बनाने लगे है।

### हर गली चैराहे मे बिक रहे भुट्टा

सावन के माह की शुरूआत के पूर्व से ही भुट्टा बाजार मे बिकना प्रारंभ हो चुका था लेकिन चिन्हित स्थानों पर ही भुट्टा मिलता था सीजन करीब आते ही भुट्टे की दुकानो मे बेहद वृद्धि हुई। वर्तमान मे देखा जा रहा है कि गर्मियों के समय मे जितनी गन्ने के रस की दुकाने नही थी उससे दोगुनी अधिक भुट्टे की दुकाने लगी हुई है। हर चौराहे गली - गली मे भुट्टा बेचने वाले आवाज लगाते नजर आ रह है। लोगों भुट्टा खाने के लिये भी अपने कीमती समय मे से समय निकालकर जाने लगे है। वही खेतो मे अभी भुट्टे की फसल नही आई है इसलिये भुट्टे की मांग भी बढ़ रही है जिसकी पूर्ति आसपास के जिले छिंदवाड़ा व सिवनी से की जा रही है ।

### बच्चे, गृहणी व वृद्धों की भी पसंद भुट्टा

भुट्टा खाना लाभदायक है और लोगों को सीजन मे ही भुट्टा खाने की लिये मिलता है। बीते कुछ दिनो से बाजार मे भुट्टे की डिमांड बहुत अधिक है और जिले के बाहर से लाकर भुट्टे की पूर्ति की जा रही है। भुट्टे खाने के लिये कामकाजी लोगों से घर वापिस आते समय भुट्टा लाने की डिमांड बच्चे, गृहिणी व वृद्धों द्वारा कहा जाने लगा है। भुट्टा सीजन युक्त फसल है और यह अधिकांश सावन के माह मे ही प्राप्त होती है। सीजन के हिसाब से लोगों में खाने की भी रूचि होती है ।

### चौपाटी पर भी भुट्टे की मार

लोगों द्वारा खाने पान के लिये अधिकांशतः चैपाटी मे मिलने वाली चटपटी चीजो को खाया जाता है लेकिन वर्तमान मे चैपाटी पर भी भीड़ नजर नही आ रही जिसका कारण है कि बाजार मे बिकने वाला भुट्टा लोगो के मन को लुभा चुका है। उचित दाम पर भुट्टा मिल रहे है। कामकाजी लोगों द्वारा शाम के समय मे हल्का आहार लेकर घर वापिसी की जाती है जिसके लिये वह चैपाटी का रूख करते थे लेकिन भुट्टे की दुकान पर जाकर वह संतुष्ट हो जाते है।

### उचित दर मे मिल रहा भुट्टा

बाजार मे भुट्टे की आवाक कम है और प्रतिदिन भुट्टे की मांग बढ़ती जा रही है। लेकिन लोगो को भुट्टा इसलिये प्रिय है क्योकि यह मौसमी व सेहत के लिये फायदेमंद फसल है। वर्तमान मे भुट्टे की कीमत किस्मों के आधार पर तय है। देशी भुट्टे की कीमत थोक में 12 से 15 रुपये प्रति नग है वही फुटकर में भूनकर 20 से 25 रुपये प्रति नग के आधार पर बिक रहा है। स्वीट कॉन थोक के भाव में 18 रुपये प्रति नग एवं भूनकर फुटकर मे 25 से 30 रुपये प्रति नग की दर पर बिक रहा है वही पॉपकॉर्न की बाजार मे आवक व मांग बेहद कम है जिसका दाम 15 से 17 रुपये है।

# संस्कार भारती ने मनाया गुरु पूजन महोत्सव



**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** विगत दिवस संस्कार भारती की जिला कार्यकारिणी द्वारा स्वर संगम संगीत महाविद्यालय यादव कालोनी में वार्षिक अनिवार्य कार्यक्रम के अंतर्गत गुरु पूजन महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत शिक्षक श गोपाल चैधरी ,मुख्य वक्ता के रूप में नगर संघचालक परितोष दुबे ,संगठन के प्रांतीय संयोजक सुमित दुबे, जिला अध्यक्ष राजेश साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात गुरु सम्मान के क्रम में वरिष्ठ नागरिक सेवानिवृत शिक्षक गोपाल चैधरी का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। प्रांतीय सचिव सुमित दुबे ने संगठन की रचना की रचना सहित आगामी सभी वार्षिक कार्यकम आयोजनों की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। संगठन के अध्यक्ष राजेश साहू ने संगठन के लक्ष्यों एवं प्रचार प्रसार पर अपने विचार व्यक्त किये। मुख्य अतिथि गोपाल चौधरी ने गुरु महिमा का वर्णन करते हुए गुरु वंदना का गायन भी किया। मुख्य वक्ता नगर संघचालक परितोष दुबे द्वारा गुरु पूजन महत्व के साथ साथ संघ की आनुषांगिक शाखाओं के अनुशासन, कार्यपालन पर प्रकाश डालते हुए गुरु रूप में परम पवित्र ध्वज की महिमा का वर्णन किया गया।कार्यक्रम के अंत में संगठन के मंचीय कला संयोजक आशीष तिवारी ने आभार प्रदर्शन, मंच संचालन संगठन के जिला महामंत्री नवीन पांडे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप में करेली से संगठन की चित्रकला संयोजक अंजू पेठिया,साहित्य संयोजक शैलेन्द्र बिल्थरे,नृत्य विधा संयोजक कविता रारोलिया,जिला उपाध्यक्ष अंकित दुबे, सिद्धार्थ तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र रावल, मयंक नेमा, चिराग धुर्वे सहित बड़ी संख्या में कला साहित्य प्रेमीजन उपस्थित रहे।

# स्कूली बच्चों को वितरित की शिक्षण सामग्री

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** विगत दिवस पीएम श्री शासकीय संजय माध्यमिक शाला पुलिस लाइन में अपने पारिवारिक स्वजनों की स्मृतियों को बनाए रखने के लिए समाज सेवा और जरूरतमंदों की सहायता करने से बढ़कर और कुछ नहीं है। इसी भाव से सेवानिवृत शिक्षक स्व. द्वारका प्रसाद नेमा की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी पत्नी श्रीमती पार्वती नेमा ने अपने परिवार जनों की उपस्थिति में शाला के छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल बैग का वितरण किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत प्रधान पाठक पवन कुमार चौबे, शिक्षक संजय कुमार चैबे, श्रीमती मुक्ति राय, शबनम खान, शालिनी महाजन, नाजरा बेगम ने किया। शिक्षक संजय कुमार चौबे ने स्वर्गीय द्वारका प्रसाद नेमा के सामाजिक एवं शिक्षकीय कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए बताया कि स्व. नेमा



एक मिलनसार, कर्तव्य निष्ठ एवं अनुशासित शिक्षक थे और सदैव समाज हित के कार्यों में संलग्न रहते थे। जनगणना कार्य के लिए स्वर्गीय नेमा को राज्य स्तर पर सम्मानित भी किया गया था। स्वागत एवं उद्बोधन के पश्चात श्रीमती पार्वती नेमा, सेवानिवृत्त बीएसएनल अधिकारी नारायण प्रसाद नेमा, श्रीमती आस्था नेमा, सेवानिवृत शिक्षक उमाशंकर नेमा और प्लास्टिक पैलेस के संचालक मुकेश नेमा द्वारा विगत जून माह में संचालित समर कैंप में उपस्थित बच्चों को शाला की ओर से प्रशस्ति पत्र, पानी बोतल एवं कलर बॉक्स से सम्मानित किया। इसके बाद नेमा परिवार की तरफ से स्कूल की जरूरतमंद लगभग 150 बच्चों को स्कूल बैग का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रज्ञा तिवारी ने किया।

# कीचड़ में पड़ा मिला नवजात शिशु



**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** रविवार को रोड किनारे कीचड़ में पड़ा नव शिशु मिला। ग्राम मुराछ निवासी नागरिकों द्वारा रोड किनारे शिशु को पड़े देखा तो इसकी जानकारी प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद 108 एंबुलेंस जिला चिकित्सालय से रबाना हुई। वही ग्रामीणों द्वारा तत्परता दिखाते हुए शिशु को लेकर जिला चिकित्सालय लाया जा रहा था तभी लगभग 14 किलोमीटर की दूरी तय कर लेने के बाद एंबुलेंस मिली जिसमें बच्चे को सिफ्ट किया गया और उसे आक्सीजन दी गई। मुराछ निवासी प्रीतम चैधरी को बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी और जाकर देखा तो अज्ञात शिशु कीचड़ पर पड़ा रो रहा था उन्होंने नेपाल पटेल और उनकी पत्नी उमा बाई को सूचना दी। जिसे तुरंत उठाकर लाया और प्रशासन को सूचना दी तथा उसे जिला चिकित्सालय पहुंचा। नवजात नग्न अवस्था में था। उसके शरीर पर कीचड़ लगा हुआ था। बच्चे की नाल अभी जुड़ी हुई थी, जो बताती है कि प्रसव के तुरंत बाद उसे फेंका गया था। उमा बाई ने बच्चे को उठाया और गांव में ही सुरक्षित तरीके से नाल कटवाई। सूचना पर उप सरपंच छोटेलाल पटेल अपनी मोटरसाइकिल से शिशु को लेकर आए। सुपला में 108 एंबुलेंस मिली, जिससे बच्चे को जिला अस्पताल भेजा गया। एंबुलेंस के ईएमटी हेमंत प्रजापति ने बच्चे को प्राथमिक उपचार के साथ सफाई की। जिला अस्पताल के आरएमओ डॉ. राहुल नेमा द्वारा बताया गया नवजात का वजन मात्र 2 किलो है और उसे हाइपोथर्मिया है। बच्चे को गहन शिशु चिकित्सा इकाई में भर्ती कर निगरानी में रखा गया है। वही सूत्रों की मानें तो शिशु को जन्म के कुछ ही देर बाद फेंक दिया गया। प्रशासन द्वारा उक्त मामले की गंभीरता के साथ जांच कराई जानी चाहिए। जिससे ऐसी घटनाओं की पुनार्वृत्ति ना हो सके।

# अवैध कॉलोनाइजर के विरुद्ध एफ आई आर के आदेश






**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** बीत दिनों निवासी द्वारा की गई शिकायत के बाद प्रशासन द्वारा की गई। जांच मे पाया गया कि कालोनाइजर द्वारा अवैध रूप से भूस्वामी बनकर प्लाटों का विक्रय किया जा रहा है। कॉलोनी कि स्वीकृति हेतु जरुरी दिशानिदेर्शों का पालन किये बिना अनेक भूस्वामी स्वयंभु कॉलोनाइजर बने बैठे हैं, इनके द्वारा धड़ल्ले से अवैध रूप से प्लाट बेचे जा रहे हैं, इन प्लाटों के इर्द गिर्द ना ही सड़कें हैं ना पानी निकासी कि व्यवस्था है, यहाँ तक कि कॉलोनाइजर का लाइसेंस एवं नगर एवं ग्राम निवेश कि अनुमति भी नही है, रेरा कि अनुमति नही है और ना ही कॉलोनी कि विकाश अनुज्ञा है। बाबजूद इसके भी जिले कि लचर प्रशासनिक व्यवस्था का लाभ उठाकर धड़ल्ले से लोगों को चूना लगाया जा रहा है, और आमजनों कि जमा पूंजी लूटी जा रही है। ऐंसा ही एक तत्कालीन मामला एसडीएम कार्यालय मे चल रहा था जिसमे अनुविभागीय अधिकारी द्वारा सख्ती बरतते हुए अवैध रूप से प्लाट बेचने वालों पर मामला दर्ज करने के आदेश नरसिंहपुर कोतबाली थाना प्रभारी को दे दिए। अनुविभागीय अधिकारी नरसिंहपुर द्वारा मामला क्रमांक 0910/ब - 121/2022-23 मे अवैध कॉलोनी काटने का दोषी मानते हुए किशनलाल गुप्ता आ. रोशन लाल गुप्ता, केदार गुप्ता आ. मोतीलाल गुप्ता, परितोष गुप्ता आ चंद्रप्रकाश गुप्ता निवासी राम वार्ड के विरुद्ध आदेश करते हुए तहसीलदार नरसिंह पुर को आदेश किया कि उक्त व्यक्तियों पर प्रकरण दर्ज करने का आदेश किया एवं मौजा कंदेली न. ब 36 प. ह. न 41 तहसील व जिला नरसिंहपुर मे स्थित भूमि ख.नं 108/697 रकवा 0.083 हेक्टेयर भूमि के शेष रकबे पर खसरे के कालम नं 12 मे खंड खंड विक्रय पर प्रतिबंधित आदेश दिया गया। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा उक्त मामले मे मामला दर्ज करने के आदेश जारी किये गए, उक्त आदेशों का पालन करते हुए तहसीलदार नरसिंहपुर द्वारा थाना कोतवाली प्रभारी को निर्देशित किया कि उक्त आरोपियों पर मामला दर्ज किया जाये हालांकि उक्त आदेश के उपरांत अभी आरोपियों पर मामला दर्ज होने का इंतजार है।

# किसानों से धोखाधड़ी के चार आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** बीते दिनो थाना क्षेत्र ठेमी मे आवेदक ब्रजेश पटेल पिता विशाल सिंह पटेल उम्र 36 साल, निवासी घाटपिंडरई एवं नरसिंहपुर एवं जबलपुर क्षेत्र के अन्य किसानों के साथ अनावेदकों द्वारा अनाज गेहूँ, चना, मसूर की फसल की राशि करीबन एक करोड रुपए अदा न करने एवं फर्जी हस्ताक्षर बनाकर चैक प्रदान कर धोखाधड़ी की शिकायत प्राप्त हुयी। उपरोक्त शिकायत पर आरोपी राजकुमार पिता उजयार सिंह लोधी, शेखर उर्फ शिवकुमार पिता उजियार सिंह लोधी दोनों निवासी घाटपिडरई, घनश्याम पिता जगदीश प्रसाद लोधी तोफान पिता जगदीश प्रसाद लोधी दोनां निवासी ग्राम रानी पिण्डरई के विरूद्ध थाना ठेमी में अपराध 328/25 धारा 318 (4), 336 (2), 338, 3 (5) बी.एन.एस. का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में फरार चल रहे सभी आरोपियों की पतासाजी की गयी जिसके परिणाम स्वरूप सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय में पेश किया गया है।



# अमेरिका में यूरोपीय वस्तुओं पर 30 प्रतिशत शुल्क से व्यापारिक संबंध बिगड़ने का खतरा




अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को यूरोपीय संघ (ईयू) पर 30 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। इस कदम का अटलांटिक के दोनों ओर की कंपनियों और उपभोक्ताओं पर असर पड़ेगा। इन शुल्क के कारण अमेरिका में फ्रांसीसी पनीर और इतालवी चमड़े के सामान से लेकर जर्मन इलेक्ट्रॉनिक्स और स्पेनिश दवाइयों तक, सब कुछ महंगा हो सकता है। अप्रैल में, ट्रंप ने यूरोपीय संघ के उत्पादों पर 20 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा था, जो उन देशों पर लक्षित शुल्क की एक श्रृंखला का हिस्सा था जिनके साथ अमेरिका का व्यापार असंतुलन है। बाद में, जब बातचीत उनकी अपेक्षा के अनुरूप तेजी से आगे नहीं बढ़ी, तो उन्होंने इसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की धमकी दी। इसी सप्ताह यूरोपीय संघ के कार्यकारी आयोग ने कहा कि उसके नेता अभी भी ट्रंप प्रशासन के साथ समझौता करने की उम्मीद कर रहे हैं। कार्यकारी आयोग यूरोपीय संघ के 27 सदस्य देशों के व्यापार संबंधी मुद्दों को देखता है। यूरोपीय संघ ने कहा कि वह बीफ और वाहन कलपुर्जों से लेकर बीयर और बोइंग विमानों तक, सैकड़ों अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क लगाकर जवाबी कार्रवाई करने के लिए तैयार है।अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार के बारे में जानने योग्य बातें यहां दी गई हैं: अमेरिका-यूरोपीय संघ के बीच व्यापार बहुत बड़ा है। यूरोपीय आयोग अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार को दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण वाणिज्यिक संबंध बताता है।

## मर्सिडीज बेंज इंडिया की सितंबर से अपने वाहन के दाम एक-डेढ़ प्रतिशत बढ़ाने की योजना

मर्सिडीज इस साल पहले ही जनवरी और जुलाई में अपने वाहन के दाम बढ़ा चुकी है।कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने यह बात कही है।उन्होंने कहा कि खरीदार समझते हैं कि मुद्रा में उतार-चढ़ाव को देखते हुए, कीमतें कंपनी के नियंत्रण से बाहर हैं। यूरो के मुकाबले रुपये के कमजोर होने की वजह से लक्जरी कार कंपनी मर्सिडीज बेंज इंडिया सितंबर से अपने वाहन के दाम एक से डेढ़ प्रतिशत तक बढ़ाने पर विचार कर रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने यह बात कही है।

# चेल्सी ने फीफा क्लब वर्ल्ड कप जीतकर रचा इतिहास




नई दिल्ली। कोल पाल्मर के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत चेल्सी ने सोमवार को पेरिस सेंट-जर्मेन पर 3-0 की बेहतरीन शुरूआत के साथ फीफा क्लब वर्ल्ड कप का खिताब जीतकर इतिहास रचा है। खिताब जीतने वाली टीम को ट्रॉफी के साथ करीब 125 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी 11 अरब भारतीय रुपये की इनामी राशि भी मिली, जो कि क्रिकेट वनडे वर्ल्ड कप से 6 गुना से भी ज्यादा है। चेल्सी के युवा खिलाड़ी कोल पाल्मर को गोल्डन बॉल से सम्मानित किया गया। ये अवॉर्ड टूनामेंट के बेस्ट खिलाड़ी को दिया जाता है।

मेटलाइफ स्टेडियम में हुए इस धमाकेदार फाइनल में पाल्मर ने शुरूआती हाफ में आठ मिनट के अंतराल में दो गोल किए मुकाबले के 22वें मिनट मॉलो गुस्टो की मदद से पाल्मर ने पहला गोल दागा। बाद में 30वें मिनट पाल्मर ने एक बार फिर गोल करते हुए टीम की बढ़त दोगुना कर दिया। जोआओ पेड्रो ने मुकाबले के 43वें मिनट गोल दागते हुए टीम की बढ़त को 3-0 कर दिया। जोआओ पेड्रो के इस गोल ने चेल्सी की जीत को लगभग पक्का कर दिया था। पीएसजी की टीम इस पूरे मुकाबले में कोई गोल नहीं दाग सकी। चेल्सी ने 17 गोल के साथ टूनामेंट में टॉप स्कोरर रही।

बता दें कि, चेल्सी ने दूसरी बार क्लब ट्रॉफी अपने नाम की है। इससे पहले उसने साल 2021 में खिताब जीता था। पीएसजी की टीम इस खिताब को जीत नहीं सकी, लेकिन चैंपियंस लीग और फ्रेंच लीग कप डबल जीतना, उसके सीजन की बड़ी उपलब्धि रही है।










# ञ्नर्सिंग कॉलेज या फजीवाड़े की फैक्ट्री...?

दैनिक रेवांचल टाइम्स — फालोअप

## मंडला में 90% संस्थान बन गए हैं जालसाजी के अड्डे!" राजधानी की मान्यता, गांव में चल रहे फर्जी कॉलेज झ्र न भवन, न स्टाफ, फिर भी जारी स्कॉलरशिप का खेल!

क्या

गरीब

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, मंडला विशेष रिपोर्ट। मंडला जिले में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह मजाक बन चुकी है। जिले के लगभग 90% नर्सिंग कॉलेज और महाविद्यालय, भोपाल-जबलपुर की मान्यता के नाम पर फर्जी तरीके से चलाए जा रहे हैं। ये संस्थान न तो निर्धारित मापदंडों को पूरा करते हैं, न ही इनके पास खुद की बिल्डिंग होती है। एक छोटा-सा बोर्ड लगाकर पूरे कॉलेज की दुकान चल रही है, और सरकार मौन दर्शक बनी हुई है।**

### बड़े घोटाले के संकेत:

- **फर्जी स्टाफ, जिनका कोई स्थायी नियुक्ति या पंजीयन नहीं।**
- **बिहार, यूपी और छत्तीसगढ़ के छात्रों के नाम पर अटेंडेंस, जबकि वे कभी कॉलेज आए ही नहीं।**
- **स्कॉलरशिप की निकासी उन्हीं के नाम से, जो छात्र उस जिले में मौजूद ही नहीं।**
- **मेडिकल प्रैक्टिस के नाम पर भविष्य से खिलवाड़, न प्रयोगशाला है, न हॉस्टल, न कोई सुविधा।**

### इनके पास क्या नहीं है?

- **खुद की जमीन या इमारत**
- **पंजीकृत शिक्षक या योग्य फैकल्टी**
- **क्लिनिकल ट्रेनिंग की वैध व्यवस्था**
- **प्रैक्टिकल के लिए मान्यता प्राप्त अस्पताल से अनुबंध**

### शासन-प्रशासन क्यों मौन?

कई बार शिकायतों के बावजूद न तो उच्च शिक्षा विभाग, न ही स्वास्थ्य शिक्षा परिषद, और न ही C M O या D M ऑफिस ने कोई कठोर कार्रवाई की है। क्या इन कॉलेजों को किसी सत्ता या सिस्टम का संरक्षण प्राप्त है?

### अब सवाल उठते हैं:

क्या छात्रों का भविष्य इस भ्रष्ट तंत्र के हवाले कर दिया गया है?

छात्रों के नाम पर स्कॉलरशिप की लूट ही शिक्षा का नया धंधा बन गया है?

आखिर इन कॉलेजों को मान्यता देने वाली यूनिवर्सिटी पर क्यों नहीं हो रही जांच?

जिले में संचालित सभी निजी नर्सिंग कॉलेजों और महाविद्यालयों की संयुक्त जांच की जाए।

फजीर्वाड़ा पाए जाने पर मान्यता रद्द, संचालकों पर FIR और स्कॉलरशिप की रिकवरी की जाए।

छात्रों को वैध संस्थानों में शिफ्ट कर भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

# अनुशासनहीनता करने पर लेखापाल सतीश पांडये निलबिंत




**रेवांचल टाईम्स - मंडला। जिले की जनपद पंचायत बीजाडांडी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने दिनांक 14.07.2025 आदेश निकालते हुए अनुशासनहीनता करने वाले लेखापाल सतीश कुमार पाण्डेय, को जनपद पंचायत बीजाडांडी को कार्यालयीन आदेश क/274/ज.पं./स्था./2025/ बीजाडांडी दिनांक 26.05.2025 के द्वारा लेखा शाखा का प्रभार सौंपने हेतु आदेशित किया गया था।**

जिसके पश्चात पुनः कार्यालयीन पत्र क./326/ज.पं. /स्था./2025/बीजाडांडी दिनांक 06.06.2025 एवं पत्र क्र/492/ज.पं./स्था. /2025/बीजाडांडी दिनांक 14.07.2025 द्वारा, बार-बार प्रभार देने कैशबुक हस्ताक्षर हेतु प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया किन्तु इनके द्वारा दिये गये आदेश का पालन न कर जानबूझ कर शासकीय कार्य अवरूद्ध किया गया।

आज दिनांक 14.07.2025 को समक्ष में बुलाकर लेखा शाखा का प्रभार सौंपने हेतु निर्देशित करने पर इनके द्वारा जानबूझ कर प्रभार देने से मना किया गया, इनका यह कृत्य स्वेच्छारिता, हठधर्मिता, अनुशासनहीनता का परिचायक है एवं मध्यप्रदेश पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 की धारा-4 के विपरीत कदाचरण है। इनके द्वारा घोर स्वेच्छारिता, लापरवाही एवं अनुशासनहीनता बरती गई है।

### इनका कहना है कि....

मध्यप्रदेश पंचायत एवं अनुशासन तथा अपील नियम 1999 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये। सतीश कुमार पाण्डेय, लेखापाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन के दौरान इनका मुख्यालय कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी वीजाडांडी नियत किया जाता है, निलंबन के दौरान इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

**श्रीमति वासंती दुबे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत बीजाडांडी जिला मण्डला**



नहीं कर रहा सही निराकरण घोटले छुपाने अपना रहे है नए-नए तरीके

# सीएम हेल्पलाइन में भारी फर्जीवाड़ा, पी. एच. ई. विभाग भेज रहा गलत जवाब




**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** मंडला,इन दिनों लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग लगातार सुर्खियों बना हुआ है और घोटाले की बात नही कितना की जिले के लोग सोच ही नही सकते है, क्योंकि इसी जिले से केबिनेट मंत्री एंव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी की मंत्री इसी जिले से तालुक रखती है वावजूद इसके हर कदम में सरकारी धन में भ्रष्टाचार का खेला जम के चल रहा और विभाग के कार्यपालन यंत्री एस डी ओ उपयंत्री और ठेकेदार तो मलाई छानने में कोई कसर नही छोड़ रहे हैं क्योंकि ये जिला पिछड़े के साथ साथ इस जिले में जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का तो मौन व्रत टूट ही नही रह रहा इस लिए बाहर से आकर ठेकेदार जम के कमाई कर रहे हैं। वही इस जिले में एक शिकायत सी एम हेल्पलाइन को जिम्मेदारो ने अपने ठेंगे पर ले रहे है जो भी शिकायत करते है उनकी शिकायत में भी फजीर्वाड़ा भू आ रही हैं। वही मुख्यमंत्री की हेल्पलाइन असफल होती जा रही है सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत मध्य प्रदेश के मंडला जिले में भारी गड़बड़ी की जा रही है सही तरीके से सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण नहीं किया जा रहा है निराकरण में सिर्फ गोलमाल किया जा रहा है गलत जानकारी भेज कर निराकरण की औपचारिकता पूरी की जा रही है

एक ऐसा ही मामला सामने आया है जानकारी मिली है कि पीएचई विभाग नैनपुर द्वारा ग्राम परसवाड़ा के मनोज सिंह कुशवाह द्वारा की गई शिकायत पर गलत जानकारी भेज रहा है शिकायत का सही निराकरण संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा नहीं किया जा रहा है शिकायतकर्ता ने शिकायत की है कि उनके घर में नल कनेक्शन नहीं किया जा रहा है जबकि अधिकांश घरों में नल कनेक्शन कर दिया गया है उनके घर के अलावा कुछ घर और रह गए हैं जहां पर नल कनेक्शन किया जाना चाहिए वहां पर नहीं किया जा रहा है साथ में संपूर्ण ग्राम परसवाड़ा में योजना शुरू नहीं की जा रही है जल जीवन मिशन अंतर्गत यहां पर काम कराया गया है भारी गड़बड़ी की गई है अभी भी यहां पर काम अधूरा पड़ा हुआ है सभी तरह के काम जल जीवन मिशन अंतर्गत यहां पर पूर्ण नहीं कराए गए हैं।

पी एच ई विभाग द्वारा इस संबंध में जानकारी भेजी जा रही है कि शिकायतकर्ता द्वारा अतिरिक्त कनेक्शन मांगा जा रहा है जबकि हकीकत यह है कि उनके लिएअभी तक कोई कनेक्शन नहीं किया गया है बल्कि जानबूझकर कनेक्शन नहीं किया जा रहा है सवाल यह है कि फिर इन्हें पानीआखिर कहां से मिलेगा शिकायतकर्ता की मांग है कि पीएच ई विभाग द्वारा जो भी जानकारी भेजी जा रही है उसका भौतिक सत्यापन किया जाए और गलत जवाब भेजने वाले अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही करते हुए शिकायत का सही निराकरण कराया जाए।

# मंडला में आधे घंटे की बारिश से घर-दुकानों में पानी



**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** मंडला में सावन के पहले सोमवार को आधे घंटे की बारिश से शहर के कई इलाकों में पानी भर गया। रेडक्रॉस भवन, चिलमन चौक, सुभाष वार्ड, भगतसिंह वार्ड और कलेक्ट्रेट कॉलोनी में जलभराव हो गया। सड़कों, घरों और दुकानों में पानी भर गया। दुकानदारों को पंप लगाकर पानी निकालना पड़ रहा है। सरकारी कार्यालयों में भी पानी भर गया। मंडला तहसील कार्यालय परिसर भी जलमग्न हो गया।

**नालियों बंद होने से सड़क पर भरा पानी-** नगर पालिका सीएमओ गजानन नाफड़े ने बताया कि रेडक्रॉस भवन और चिलमन चौक क्षेत्र की नालियों में फर्सी डालकर बंद कर दी गई है। इससे पानी नहीं निकल पा रहा है। नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंच गई है। फर्सी हटाकर पानी निकलने की व्यवस्था की जा रही है।


**24 घंटों में जिले में 0.30 इंच बारिश-** पिछले 24 घंटों में जिले में 0.30 इंच बारिश दर्ज की गई। 1 जून से 14 जुलाई तक कुल 34.66 इंच बारिश हो चुकी है, जो वार्षिक औसत 52.20 इंच का 66 प्रतिशत है। पिछले साल इसी अवधि में 16.33 इंच बारिश हुई थी।

**बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव-** मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। इसका प्रभाव अगले कुछ दिनों तक बना रहेगा। मंडला सहित मध्यप्रदेश के कई अन्य जिलों में भारी बारिश की संभावना है।

# नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस लाईन से जागरूकता रैली का कल प्रातः आयोजन

**रेवांचल टाईम्स - मंडला।** जिले में ह्लनशा मुक्त भारत जनजागृति अभियानह्व के अंतर्गत मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 15 दिवसीय विशेष अभियान ह्लनशे से दूरी है जरूरीह्व की शुरूआत कल, 15 जुलाई से की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत नशे के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाने हेतु कल प्रातः 9:30 बजे पुलिस लाइन मंडला से एक विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली पुलिस लाइन मंडला से प्रारंभ होकर स्थानीय स्टेडियम तक निकाली जाएगी। इस रैली का उद्देश्य समाज में नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाना और नशा मुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देना है। रैली में सामाजिक संस्थाएं, स्कूली छात्र-छात्राएं, कॉलेज विद्यार्थी, एनएसएस, स्काउट-गाइड, नेहरू युवा केंद्र, जनप्रतिनिधि एवं मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया गया है कि निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अभियान को सफल बनाने में योगदान दें। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं सामाजिक न्याय विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे इस जन-जागरूकता अभियान में सहभागी बनकर समाज को नशा मुक्त बनाने के इस प्रयास को सशक्त करें।

# मंडला में फर्जी बिलों का खेल, जनपद स्तर पर खुली लूट का पर्दाफाश




**रेवाँचल टाईम्स, मंडला।** आदिवासी बाहुल्य जिले की ग्राम पंचायतों में लगातार फजीर्वाड़ा चल रहा है और सरकारी राशि में लूट मचाने लिया जा रहा है फर्जी बिल का सहारा जिसमे न कोई जीएसटी है और न ही प्रोपराइटर का नाम बस किसी एक के नाम पर बिल पंचायत के सरपंच सचिव बिना जीएसटी बिल और वाउचर भर कर कर रहे लाखों का भुगतान हम बात कर रहे हैं आदिवासी बाहुल्य जिले मंडला की जनपद पंचायत मंडला के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बकौरी की जहाँ बिना जीएसटी के फर्जी बिल एवं वाउचर भरकर लाखों का भुगतान करने का मामला सामने आया है सरकार द्वारा पंचायतों में किए जा रहे भुगतानों में पारदर्शिता लाने के लिए चाहे कितने भी प्रयास क्यों ना किए गए हों, लेकिन सरपंच-सचिवों की मिलीभगत से उसमें कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार के रास्ते निकाल ही लिए जाते हैं। तमाम नियमों के बावजूद पंचायतों द्वारा खुलेआम बिना जीएसटी नंबरों के बिलों पर लाखों का भुगतान किया जा रहा है जिससे शासन को जहां एक ओर लगातार राजस्व की क्षति हो रही है। वहीं जितना भुगतान पंचायतें करती है उसमें आधा कार्य भी नहीं हो रहा है तथा जो कार्य हो रहा है वह भी घटिया स्तर का हो रहा है। पूरे मामले में कहीं न कहीं अधिकारियों की भी लापरवाही सामने आ रही है, जो शिकायतों के बावजूद फर्जी बिलों पर कई लाखों का भुगतान करने वाले सरपंच सचिवों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जिससे सरपंच सचिव के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं जिसके चलते जमकर भ्रष्टाचार एवं फजीर्वाड़ा हो रहा है।

### कच्चे बिलों और वाउचर पर किया जा रहा कई लाखों का भुगतान

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बकौरी द्वारा अलग-अलग कार्यों में लाखों रुपए का भुगतान कच्चे बिलों एवं वाउचर पर ही कर दिया गया। आश्चर्य की बात तो यह है उक्त बिलों की अगर वास्तविकता जानने का प्रयास किया जाए तो पता चलेगा जिन फर्मों के बिल लगाए गए हैं, वे वास्तव में है या नहीं है,या मात्र कागजों में ही ये फर्म हैं, जिन्हें लाखों रुपए का भुगतान किया जा रहा है, इसी तरह ग्राम पंचायत बकौरी के सरपंच,सचिव के द्वारा अन्य बिलों और वाउचर द्वारा कई लाखों का भुगतान किया गया है। जिनकी वास्तविकता सत्य से कहीं दूर है। अगर ग्राम पंचायत द्वारा किए गए बिल भुगतान की उचित जांच करवाई जाए तो किस तरह भ्रष्टाचार किया जा रहा है, यह सच्चाई भी सामने आ जाएगी,ग्राम पंचायत बकौरी के द्वारा भुगतान किए जा रहे हैं बिलों पर किसी तरह का जीएसटी नंबर नहीं है, सभी बिल फर्जी है,ऐसे में शासन को जीएसटी राजस्व चोरी का नुकसान तो उठाना पड़ ही रहा है। आपको बता दें कि नकली व फर्जी बिल भुगतान के इस खेल में वास्तविकता में किसी तरह की फर्म होती नहीं है। मात्र कागज, बिल बुक,एवं सरपंच, सचिव के ही संज्ञान में इस तरह की फर्म होती है। उक्त फर्म का बिल ग्राम पंचायत में लगाया जाता है और फिर सरपंच, सचिव और जिम्मेदार बिल का भुगतान भी कर देते हैं। लेकिन जनपद में बैठे जवाबदार अधिकारियों के द्वारा आखिर ऐसे सरपंच सचिव के ऊपर क्यों नहीं की जाती है कार्यवाही क्या ऊपर से लेकर नीचे तक है कमीशन का खेल ये सब को जिम्मेदारों की सहमति से चल रहा फर्जी बिल घोटाला पर इसकी जाँच करेगा कौन क्योंकि सब को जाता है प्रसाद के तोर पर रिश्वत




स्वामी,प्रकाशक, मुद्रक, मुकेश श्रीवास द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन जबलपुर 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं सिविल लाईन जवाहर वार्ड मंडला से प्रकाशित। प्रधान संपादक-मुकेश श्रीवास, सिविल लाईन, जवाहर वार्ड मंडला । मो. 9406771592, संपादक - प्रहलाद उइके
RNI. Reg. No MPHIN/2016/69877 (समाचार पत्र के लिये पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) (न्यायलयीन क्षेत्राधिकार मंडला) Email:- revanchaltimes@gmail.com web-revanchaltimes.in

# फर्जी इकरारनामा बनाकर हड़पी भूमि, नकली दस्तावेज फर्जी गवाह व कब्जे की कहानी, प्रशासन मौन

## तीन मंजिला इमारत बनाकर किराये पर देकर कमा रहा हैं रुपया

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** जिला अनूपपुर के जैतहरी क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक शातिर व्यक्ति नंदलाल सोनी ने फर्जी इकरारनामा तैयार कर बेशकीमती जमीन हड़पने की साजिश रच डाली। यह विवाद खसरा नंबर 547 की भूमि से जुड़ा है, जो न तो किसी की वसीयत में दर्ज है और न ही उसका कोई उत्तराधिकारी मौजूद है। फिर भी नंदलाल ने न केवल इस भूमि पर कब्जा कर लिया, बल्कि दो और तीन मंजिला इमारत भी बनवा दी और उसे किराए पर देकर अवैध रूप से कमाई भी कर रहा है।



मामले की शुरूआत 16 मार्च 2019 को तैयार किए गए एक कथित भूमि विक्रय इकरारनामा से होती है, जिसमें प्रथम पक्ष के रूप में एक वृद्ध रामनाथ पिता स्व. बजरंगी, निवासी पेण्ड्रा रोड, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) को दशार्या गया है। लेकिन मजे की बात यह है कि उक्त व्यक्ति के स्थानीय होने का कोई वैध प्रमाण नहीं है। न तो उसका पता प्रमाणित है, न ही कोई पहचान पत्र, और न ही यह साबित हो सका कि वह उस दिन जैतहरी में मौजूद था या नहीं। इतना ही नहीं, नंदलाल ने इस फर्जी दस्तावेज में दो गवाहों के हस्ताक्षर भी करवा लिए जिनमें से एक अरुण गुप्ता और दूसरा अजय खटवानी बताए गए हैं। बाद में जब इनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें इस इकरारनामे की कोई जानकारी नहीं है, न ही उन्होंने जानबूझकर किसी विक्रय में गवाही दी है। इससे स्पष्ट होता है कि यह इकरारनामा पूरी तरह से कूट रचित व अवैध है। इसके बावजूद नंदलाल सोनी ने उक्त भूमि पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया और बगैर किसी पंजीयन (रजिस्ट्री) के दो से तीन मंजिला मकान खड़ा कर लिया, जिसे वह अब किराए पर देकर आर्थिक लाभ उठा रहा है। यह पूरा मामला न केवल जमीन कब्जा करने का है, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था पर सवालिया निशान भी खड़े करता है। क्या रजिस्ट्री विभाग और नगर पंचायत को इसकी जानकारी नहीं है।बिना वैध दस्तावेज के बिजली, पानी और अन्य सुविधाएं कैसे स्वीकृत हुईं। क्या प्रशासन इस जालसाजी पर कोई सख्त कदम उठाएगा या नंदलाल जैसे लोग यूं ही सालों तक सरकारी जमीनों पर कब्जा कर पैसा कमाते रहेंगे। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकताओं ने मांग की है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही, इस जमीन को शासन के नाम पर पुनः दर्ज कर अवैध निर्माण गिराया जाए। यदि अब भी शासन-प्रशासन ने आंखें मूंदी रखीं, तो ऐसे मामलों की बाढ़ आ जाएगी, और भू-माफियाओं को खुली छूट मिल जाएगी।

# पी.आर.टी. महाविद्यालय में आयोजित हुआ सड़क सुरक्षा कार्यक्रम, 120 छात्र छात्राओं ने समझे यातायात के नियम




**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है , यातायात प्रभारी अनूपपुर द्वारा पी.आर.टी.महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित बच्चों को क्रमशः निम्न बिंदुओं जानकारी दी गई।थाना प्रभारी यातायात द्वारा बताया गया कि सड़क दुर्घटना घटित होने के मुख्य कारण तेज गति से वाहन चलाना, शराब के नशे में वाहन चलाना, ब्रेकिंग डिस्टेंस( सुरक्षित दूरी) ना रखते हुए वाहन चलाना, गलत तरीके से आगे वाले वाहन को ओवरटेक करना, मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाना, निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी या माल का वहन कर वाहन चलाना, रोड पर लगे रोड साइन की अनदेखी करना, गलत तरीके से रोड क्रॉस करना, नाबालिक बच्चों द्वारा वाहन चलाना, पर्याप्त नींद लिए बिना अनिद्रा की स्थिति में वाहन चलाना , मालवाहकों में सवारी करना है। वाहन हमेशा निर्धारित एवं सुरक्षित गति में चलाएं, नशे की हालत में वाहन ना चलाएं, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग जरूर करें, रोड पर चलते समय आगे चल रहे वाहन से लगभग 10 से 15 मीटर की दूरी आवश्यक रूप से रखें, ओवरटेक करने से बचे अतिआवश्यक होने पर ही सावधानी रखते हुए दाहिने तरफ से ओवरटेक करे। मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन ना चलाएं, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन चलाने के लिए ना दें, वाहन का समय-समय पर मेंटीनेंस करवाए, जिससे वाहन के ब्रेक फेल होने या टायर फटने से होने वाले एक्सीडेंट से बचा जा सके, अनिद्रा या थकान की स्थिति में वाहन चलाने से बचे, ग्रामीण सड़क मार्ग से मुख्य सड़क पर आते समय वाहन धीमा करें, आने जाने वाले वाहनों को देखकर ही मुख्य सड़क पर आए। वापस मुख्य सड़क से ग्रामीण मार्ग पर आते समय इंडिकेटर का उपयोग जरूर करें। रोड पर पैदल चलते समय आवश्यक सावधानी बरते।मालवाहक यान जैसे ट्रैक्टर ट्रॉली, पिकअप, मेटाडोर आदि वाहनों में बैठ कर आवागमन करते है, इनका निर्माण सवारियों की सुरक्षा की दृष्टि से नहीं होता, इनके पलटने की संभावना रहती है।

# कामयाबी का झंडा हुआ बुलंद प्रबंधन ने मांगी सभी मांगे APM ने जूस पिलाकर अनशन कराया खत्म

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** जमुना कोतमा क्षेत्र के संघर्षशील श्रमिक साथियों ने 26 जून 2025 से कोयला मजदूर सभा एचएमएस ने महाप्रबंधक कार्यालय के सामने मजदूरों के मुद्दों को लेकर क्रमिक अनशन में बैठे हुए थे, महाप्रबंधक के हस्तक्षेप के बाद अंततः लिखित समझौता हुआ, प्रबंधन और संगठन के बीच हुए समझौते के अनुसार मुख्य बिंदु इस प्रकार है। जमुना कोतमा क्षेत्र के अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला ने बताया कि समझौते के अनुसार 132 लोडर भाइयों का एरियर्स प्रक्रियाधीन है और जुलाई का वेतन जो अगस्त में मिलना है, उस वेतन में एरियर्स को जोड़कर भुगतान कर दिया जाएगा 132 लोडर भाइयों को भुगतान लगभग 5 से 10 करोड़ के आसपास होना है। समझौते के अनुसार रवि साहू एवं मुन्ना यादव के बेसिक सुधार की कमेटी का गठन हो गया है, बेसिक सुधार कर एरियर्स सहित जुलाई व अगस्त में पेमेंट कर दिया जाएगा। जमुना कोतमा क्षेत्र में सभी प्रकार की पदोन्नति जैसे माइनिंग सरदार से ओवर मैंन ग्रेड बी में पदोन्नति, कैटगरी 6से अक्जेलरी फोरमैन ग्रेड सी की पदोन्नति, ऑक्जेलरी फोरमैन ग्रेड उ से इ में पदोन्नति, रिजनल हॉस्पिटल कोतमा कोलियरी में ड्रेसर की पदोन्नति,एवं अन्य पदोन्नति जो बजट के अनुसार वाकया है सभी पदोन्नति



की सूची अगस्त के पहले सप्ताह तक हर हाल में प्रकाशित कर दी जाएगी श्रीकांत शुक्ल ने कहा कि कोयला मजदूर सभा मजदूरों के हितोंमें जब जब आवाज उठाया है, तब तब को महासभा को प्रबंधन के साथ साथ कुछ राजनीति से प्रेरित दल के लोगों से भी संघर्ष करना पड़ा है, फिर भी हम झुकने वालों में से नहीं है सत्य ओर असत्य की लड़ाई में सत्य की जीत होती ही है। अंत में बाजे गाजे के साथ फुलझड़ी पटाखों के साथ कार्य क्रम का समापन करते हुए मिष्ठान का वितरण करते हुए सभी को सफलता की बधाई तथा 18 ओर 19 जुलाई को मेंबरशिप वेरीफिकेशन में सभी को पूरे लगन से लग जाने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम का समापन इंकलाब जिंदाबाद नारे के साथ किया गया।

# सावन के पहले सोमवार को आस्था का उमड़ा जन सैलाब, कांवरियों ने जलेश्वर महादेव व 11 रुद्र महादेव का किया जलाभिषेक

## 30 हजार श्रद्धालुओं ने किया में दर्शन-पूजन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** श्रावण मास के पवित्र पहले सोमवार के अवसर पर अमरकंटक धाम में अद्भुत धार्मिक उत्साह और भक्ति का दृश्य देखने को मिला। इस विशेष अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं और कांवरियों ने गंगा-जमुनी संस्कृति की झलक दिखाते हुए मां नर्मदा के तट रामघाट पर पवित्र स्नान किया और फिर कांवड़ में जल भरकर लगभग 8 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए पावन जलेश्वर महादेव एवं नर्मदा मंदिर परिसर स्थित 11 रुद्र महादेव में जलाभिषेक किया। भोर से ही अमरकंटक की वादियां "बोल बम", "हर हर महादेव" और "बम बम भोले" के गगनभेदी जयघोष से गूंज उठीं। कांवर यात्रियों ने प्रातः 4 बजे से ही मां नर्मदा में डुबकी लगाकर स्नान करना शुरू कर दिया। इसके बाद उन्होंने नर्मदा उद्गम कुंड से पवित्र जल भरकर कांवड़ में रखकर, नंगे पांव अथवा पारंपरिक वेशभूषा में जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ना शुरू किया। पूरे मार्ग में भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था, छोटे बच्चे, युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सभी भक्ति रस में डूबे नजर आए। दिनभर यह आस्था यात्रा चलती रही। भक्तों ने जलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पहुंचकर शिवलिंग पर जल चढ़ाया, फूल, बेलपत्र, धतूरा, आक के पुष्प आदि अर्पित कर विधिवत पूजन-अर्चन किया।



मान्यता है कि श्रावण सोमवार के दिन भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने से सभी कष्ट दूर होते हैं और मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। एक अनुमान के अनुसार लगभग 30 हजार श्रद्धालुओं ने जलेश्वर महादेव और 11 रुद्र महादेव में दर्शन-पूजन किया। इस अवसर पर अमरकंटक के प्रमुख मार्गों और मंदिर परिसरों में रंग-बिरंगी कांवड़ और भक्तों की भीड़ के कारण मेले जैसा वातावरण बन गया था। श्रद्धालुओं का उत्साह केवल स्थानीय क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा। छत्तीसगढ़ के कवर्धा, पंडरिया, कुकदुर, पाडांतराई, लोरमी, मुंगेली, बिलासपुर, पेंड्रा रोड, राजेंद्र ग्राम, अनूपपुर, बुढार, धनपुरी, डिंडोरी सहित आसपास के कई जिलों से बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। श्रद्धालुओं ने कहा कि अमरकंटक में सावन सोमवार पर भगवान भोलेनाथ का दर्शन कर जलाभिषेक करना अत्यंत पुण्यकारी और आत्मिक शांति प्रदान करने वाला अनुभव है। नर्मदा मंदिर में भी सुबह से लेकर दोपहर तक लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तगण मातेश्वरी नर्मदा जी, अमरकंटक महादेव और माता पार्वती के दर्शन के लिए धैर्यपूर्वक अपनी बारी का इंतजार करते रहे। दोपहर बाद मंदिर के फिर से खुलने पर श्रद्धालुओं की भीड़ और बढ़ गई।

# उल्टी दस्त से 2 की मौत, 10 बीमार का अस्पताल में भर्ती, स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुँची गांव

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिले के बुढार ब्लॉक के कादौडी गांव में पिछले एक सप्ताह में उल्टी और दस्त से बीमार दो लोगों की मौत हो गई है। घटना के बाद से स्वास्थ्य विभाग ने तीन चिकित्सा टीमों का गठन किया, जो गांव में लोगों की स्वास्थ्य जांच कर रही हैं। उल्टी-दस्त से बीमारी 10 अन्य मरीज का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने बताया कि बुढार ब्लॉक के कादौडी गांव में उल्टी और दस्त की बीमारी फैली है। पहली मृत्यु की जानकारी मिलने के बाद हमने तुरंत विशेषज्ञ टीमों का गठन किया। टीमें नियमित रूप से गांव का भ्रमण कर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रही हैं। जिले के महामारी अधिकारी डॉ. एसडी कवर ने बताया कि उल्टी-दस्त से बीमार रामचरित अहिरवार (55) और रामदास (तम्मा) अहिरवार (58) की मौत हुई है। दोनों मृतक ग्राम बाजार टोला और करही टोला कादौडी गांव के रहने वाले थे। महामारी विशेषज्ञ डॉ. अंशुमन ने इस समस्या के पीछे पानी की गुणवत्ता को प्रमुख कारण बताया। उन्होंने कहा कि कादौडी गांव के लोग कुएं और तालाब का पानी पीने के लिए उपयोग करते हैं, जो इस बीमारी के फैलने का मुख्य



कारण है। हमने पीएचई विभाग से खराब हैंडपंपों की मरम्मत की मांग की है। इसके अलावा, गांव में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें न केवल स्क्रीनिंग कर रही हैं, बल्कि जागरूकता फैलाने का कार्य भी कर रही हैं। गांव के लोगों को स्वच्छता और सुरक्षित जल उपयोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है ताकि भविष्य में इस तरह की समस्याओं से बचा जा सके।

# वाहन की जगह सड़क पर चल रहे हैं हाथी, सड़क मार्ग करना पड़ा बन्द,प्रशासन कर रहा है निगरानी

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** शहडोल। सिंहपुर रोड में चार जंगली हाथी सड़क पर चलते हुए नजर आए, जिसके बाद वन विभाग एवम पुलिस ने शहडोल से पड़रिया मार्ग को कुछ देर के लिए बंद करवाया था । यह मार्ग शहडोल से पड़रिया होते हुए रायपुर छत्तीसगढ़ को जोड़ने का एक प्रमुख मार्ग है। चार जंगली हाथी लगातार इस क्षेत्र में पिछले दो दिनों से विचरण कर रहे हैं। वन विभाग एवं पुलिस लगातार जंगली हाथियों की निगरानी बनाए हुए हैं। घुनघुटी वन परिक्षेत्र के मालचूहा एवं शाहपुर के ग्रामीणों के द्वारा इन चारों जंगली हाथियों को खदेड़ा गया था ,जिसके बाद यह जंगली हाथी शनिवार की तड़के तकरीबन 4:00 बजे शहडोल वन परिक्षेत्र में पहुंचे थे ,और विचारपुर गांव की नर्सरी में अपना डेरा जमा लिया था । रविवार की रात हाथियों ने विचरण शुरू किया और चुनिया की ओर निकल पड़े, तभी ग्रामीण इकट्ठा हो गए और पटाखे फोड़ कर हाथियों को वापस लौटा दिया, वन विभाग एवं पुलिस टीम भी हाथियों की नागरानी कर



रही थी। ग्रामीणों का कहना था कि रिहाईसी क्षेत्र में यह हाथी ना आ पहुंचे,जिसको लेकर लोगों ने पटाखे फोड़ कर हाथियों को दूसरी ओर भगाया था,अब रविवार सुबह चारो जंगली हाथी सिंहपुर क्षेत्र के ऐताझर के जंगलों में अपना डेरा जमाए हुए थे। लगातार वन विभाग की टीमें हाथियों के निगरानी बनाए हुए हैं, आज सुबह तकरीबन 10:30 बजे चारों जंगली हाथी शहडोल सिंहपुर होते हुए रायपुर छत्तीसगढ़ को जाने वाले मार्ग पर सड़क पर ही आ पहुंचे, और लगभग 1 किलोमीटर तक सड़क पर चलते हुए हाथी नजर आए, जिसे देखते हुए वन विभाग ने दोनों तरफ पुलिस की मदद से मार्ग को बंद कराया है ।

# 5 जुआड़ी गिरफ्तार 2 बाइक जप्त

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** जिले के थाना भालूमाड़ा की टीम द्वारा ग्राम शिवलहरा दारसागर नदी के किनारे 52 ताश के पत्तो पर रुपयो पैसो से हार- जीत का दाव लगाकर जुआ खेलते 5 जुआड़ी पकडे गये । घेराबंदी कर जिनके कब्जे से 52 ताश के पत्ते व 4500/- रू एवं पल्सर मोटर साईकल टढ 65 टए 9255 कीमती 45000/- रुपये एवं हीरो होण्डा मोटर साईकल टढ 65 टअ 9470 कीमती 20000/- रुपये कुल कीमती 69000/- रुपये जप्त कर उनके विरुद्ध के अपराध धारा 13 जुआं एक्ट का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। आरोपीगण आदतन जुआड़ी हैं इनके विरुद्ध आस पास के कई थानो में जुआ के प्रकरण दर्ज है। जुआं खेलने वाले आरोपी धर्मेन्द्र मिश्रा पिता भास्कर प्रसाद मिश्रा उम्र 32 साल निवासी पसान, सूरज कुशवाह पिता स्व. रामधनी कुशवाह उम्र 30 साल निवासी वार्ड 07 बनियाटोला, डीगेश्वर पटेल पिता जती पटेल उम्र 26 साल निवासी ईटादफाई भालूमाड़ा, किशन कुमार पिता गोपी कुमार उम्र 27 साल निवासी तीन नंबर दफाई भालूमाड़ा, योग कुमार पिता सेवकराम गंधर्व उम्र 50 साल निवासी पीली दफाई भालूमाड़ा पकड़े गए हैं।

# 11.91 लीटर अवैध शराब जप्त

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** थाना भालूमाड़ा की टीम द्वारा ग्राम भराटोला पोड़ी अपने घर की बाड़ी में कार्टून में 28 पाव ब्लू चीप अंग्रेजी शराब, 26 पाव 8 पीएम अंग्रेजी शराब, 08 पाव आफिसर चाईस, 05 केन बीयर कुल 11.91 लीटर अवैध शराब कुल कीमत 11410/- रुपये रखे मिला जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया है वापसी पर अपराध धारा 34 ए आबकारी एक्ट का पंजीबध्द किया गया है। पकड़े गए आरोपी का नाम संतोष कुमार केवट पिता तीरथ प्रसाद केवट उम्र 36 साल निवासी भराटोला पोड़ी थाना भालूमाड़ा है।

# ग्रामीणों का अनोखा प्रदर्शन, सड़क पर धान रोप कर जताया विरोध

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिले के जनपद पंचायत ब्यौहारी अंतर्गत ग्राम पंचायत पपौंध मे जर्जर सड़क से परेशान ग्रामीणों ने अपनी नाराजगी जताने के लिये अनोखा प्रदर्शन किया है। बताया गया है कि विगत दिवस स्थानीय लोगों ने कीचड़ से लबालब सड़क पर ही धान के पौधे रोप दिये। इस मौके पर उन्होने क्षेत्रीय विधायक शरद कोल तथा अन्य जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भी अपना गुस्सा जाहिर किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि लंबे समय से उनके गांव की उपेक्षा की जा रही है। सड़क की स्थिति तो इतनी खराब है कि चारों तरफ सिर्फ कीचड़ ही कीचड़ दिखाई देती है। गांव आने-जाने वाले लोग और स्कूली बच्चे दल-दल मे फिसल कर गिर रहे हैं। ग्रामीणो के अनुसार वे लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन



कहीं पर भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। लिहाजा अब वे रोड का उपयोग खेती के लिये करना चाहते हैं। गौरतलब है कि हाल ही मे सीधी जिले मे ग्रामीणों ने इसी तरह से सड़क पर धान के पौधे रोपे गये थे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जम कर वायरल हुआ था। उसी तर्ज पर अब ब्यौहारी मे विरोध प्रदर्शन किया गया है।



## शांति नगर मे संगीतमय अखंड रामायण पाठ का हुआ आयोजन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स किरनापुर।** मुख्यालय ग्राम किरनापुर के शांति नगर मे बेलेश्वर महादेव मंदिर मे क्षेत्र एवं देश भर मे सुख समृद्धि की कामना करते हुए आयोजक संजय तामने एवं परिवार द्वारा अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम समस्त देवी देवताओ का पूजन अर्चन कर की गई।इस आयोजन मे ग्राम अकोला की भजन मंडली द्वारा रामचारित मानस की सुमधुर चौपाईयो का संगीतमयी चौपाईयो का वाचन किया गया, जिससे समूचा माहौल भक्तिमय हो गया। अखंड रामायण पाठ के आयोजन के उपरांत हवन पूजन कर आरती की गई तथा प्रसादी का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे सिंधुबाई तामने,संजय तामने, महेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद दीक्षित, कोमल प्रसाद दीक्षित, योगेन्द्र तिवारी, दीपांशु तिवारी, अंकित शुक्ला, राजेश मिश्रा,सरिता दीक्षित, रमा शर्मा, प्रतिभा तिवारी, मंजू तामने, सुनिता तिवारी, स्वाति तिवारी, रानू सारंगपुरे सहित महिला मंडल के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रगतिशील कुनबी समाज ने स्थापना दिवस पर किया प्रतिभाओं का सम्मान, 170 प्रतिभाएं हुई सम्मानित, समाज अध्यक्ष ने कहा समाज प्रगति के लिए मिलकर काम करना समय की आवश्यकता





**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** प्रगतिशील कुनबी समाज ने 14 जुलाई को अपना 34 वां स्थापना दिवस, समाज के छत्रपति शिवाजी सांस्कृतिक भवन में मनाया गया। दोपहर एक बजे से प्रारंभ हुए सामाजिक कार्यक्रम देरशाम 5.30 बजे तक चलते रहे। इस दौरान अतिथियों का स्वागत, सरस्वती वंदना और प्रतिभाओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज के प्रतिभावान 170 प्रतिभाओं का सम्मानित किया गया। जिसमें दसवीं और बारहवीं के सर्वाधिक अंक हासिल करने वाले तीन प्रतिभाओं को मोमेंटो, प्रमाण पत्र और नगद राशि से सम्मानित किया गया।

बारहवी में कुम्हारीकला निवासी नयन अशोक कुमार ढोंगे को प्रथम, लिंगा निवासी दिपांशु अशोक मेंढे को द्वितीय, किन्ही कोदोबर्रा निवासी धनंजय कोदुराम ठाकरे को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी तरह कक्षा दसवी में सिवनीकला निवासी सलोनी संजय चांदेवार को प्रथम, लालबर्रा के मानपुर निवासी धैर्या शैलेष आश्वले को द्वितीय तथा लांजी के टेमनी निवासी आंचल राजकुमार बुराडे को तृतीय पुरस्कार के रूप में नगद राशि सौंपी गई।

स्थापना दिवस और प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक इंजी. दिवाकरसिंह, अध्यक्ष सुनील खोटेले, महासचिव श्रीराम दानी, कार्यकारी अध्यक्ष शिवशंकर शिवणकर, उपाध्यक्ष रवि दोनाड़कर,



कोषाध्यक्ष मोहन थेरकर, संरक्षक भागवत कुथे, बेनीराम खोटेले, नीलकंठराव बहेकार, नलिनी थेरकर और प्रभु एस. बुद्धेकर मंचासीन थे।

कार्यक्रम की शुरूआत समाज के आराध्य क्षत्रपति शिवाजी महाराज, संत तुकाराम, तुकड़ोजी महाराज के छायाचित्र पर माल्यार्पण और समक्ष दीप प्रज्जलवन कर किया गया। इस अवसर पर गुरूदेव सेवा मंडल लिंगा, माधुरी बेदरे, लावण्या बेदरे, ट्विंकल दानी ने स्वागत गीत, नृत्य कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

समाज के स्थापना दिवस कार्यक्रम और प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज के जिलाध्यक्ष सुनील खोटेले ने बताया कि समाज की उन्नति और प्रगति के लिए मिलकर काम करें, यह समय की आवश्यकता है। आज जिनका, हम सम्मान कर रहे है, वे आने वाले समय में समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझे और समाज के लिए अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए समाज को आगे बड़ाने में योगदान करें। उन्होंने समाज के लोगों से भी कहा कि समाज के कार्यक्रमो में सामाजिक सहभागिता दर्ज कराए ताकि अथक परिश्रम से खड़ा किया गया हमारा समाज और प्रगति करें। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक लोग मौजूद थे।

## बाल एवं शिशु मृत्यु में कमी लाने जिले में 22 जुलाई से 16 सितम्बर तक चलेगा स्टाप डायरिया सह दस्तक अभियान

### जिले की समस्त ए.एन.एम. तथा एल.एच.व्ही. को प्रदान किया जा रहा विशेष प्रशिक्षण

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** बाल एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए बालाघाट जिले में 22 जुलाई से 16 सितंबर 2025 तक 45 दिनों का स्टाप डायरिया सह दस्तक अभियान चलाया जायेगा। यह अभियान जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर संचालित होगा।





इस अभियान के दौरान जिले के 01 लाख 93 हजार 259 बच्चों को डायरिया स्टाप सह दस्तक अभियान के अंतर्गत सेवाएं देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अभियान ए.एन.एम., आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के संयुक्त दल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी की सघन मानीटरिंग में संचालित किया जाएगा। राज्य, जिला तथा विकासखण्ड स्तर के अधिकारियों द्वारा दस्तक अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए सघन निरीक्षण, भ्रमण एवं मानीटरिंग की जाएगी। जिसके लिए जिले की समस्त ए.एन.एम.तथा एलएचव्ही को विशेष प्रशिक्षण जिला स्तर पर प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में 14 जुलाई को विकासखण्ड वारासिवनी एवं खैरलांजी की ए.एन.एम. को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण प्रदान कर इस अभियान के लिए दक्ष किया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.परेश उपलप ने बताया कि स्टाप डायरिया सह दस्तक अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की जांचों में गंभीर कुपोषण, एनीमिया, दस्तरोग, निर्जलीकरण, निमोनिया व अन्य बीमारियां, रेफरल सेवाओं में बीमार गंभीर कुपोषित बच्चे, गंभीर एनीमिक बच्चे, गंभीर निर्जलीकरण वाले प्रकरण, 02 माह तक के बच्चों में संक्रमण, अन्य खतरे के चिन्ह, अनुपूरण प्रदायगी के अंतर्गत आयु अनुरूप विटामिन ए सीरप, थैराप्यूटिक डोज, 02 ओआरएस पैकेट प्रति बच्चा, 14 जिंक टेबलेट प्रति बच्चा, आवशयकतानुसार अन्य औषधियां, परामर्श प्रदर्शन में शिशु एवं बाल आहारपूर्ति, हाथ धोने की प्रक्रिया, ओ.आर.एस.घोल तैयार करने की प्रक्रिया, बच्चों में खतरे के लक्षणों की पहचान सहित सामुदाय आधारित प्रबंधन में चिकित्सकीय जटिलता रहित गंभीर कुपोषित बच्चे, दस्तरोग प्रकरण, अल्प एवं मध्यम एनीमिया, अन्य मौसमी बीमारियां शामिल है।

अभियान के अंतर्गत विकासखण्ड बैहर के 13 हजार 348, बालाघाट के 30 हजार 574, बिरसा के 18 हजार 229, कटंगी के 20हजार 658, खैरलांजी के 19 हजार 709,किरनापुर के 19 हजार 965, लालबर्रा के 19 हजार 406, लांजी के 21 हजार 297, परसवाड़ा के 12 हजार 262, वारासिवनी के 20 हजार 11 बच्चों को सेवाएं प्रदान की जाएगी। अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए ए.एन.एम. तथा एलएचव्ही को दक्ष एवं प्रशिक्षित किया जा रहा है। 14 जुलाई को विभिन्न विषयों पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.परेश उपलप, एसएमओ डॉ अमोल शिंदे, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.इंद्रजीत भोयर, डीपीएम विक्रम सिंह ठाकुर, एनआरसी एमओ डॉ.आनंद नागदेवे, जिला मीडिया प्रभारी शैलेष कुमार, डीईआईएम राजाराम चक्रवृति, एफडी एनआरसी श्रीमती सुलक्षणा श्रीवास्तव, जिला सुपरवाइजर हब एंड स्पोक सेवा राहुल राहंगडाले द्वारा बतौर मास्टर प्रशिक्षक विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## शहरी क्षेत्र बालाघाट, वारासिवनी एवं मलाजखंड में आयुष्मान स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।**
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप के निर्देशानुसार जिला अर्बन नोडल अधिकारी डॉ निशांत नंदागोली के मार्गदर्शन में 14 जुलाई को बालाघाट शहरी क्षेत्र अन्तर्गत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरेखा एवं सभी मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक गायखुरी, ढीमरटोला,जयप्रकाश कॉलोनी, वारासिवनी, मलाजखंड में आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।



इस स्वास्थ्य शिविर में शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत प्रदाय 12 प्रकार की सेवाओं के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ संस्था में आए हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाईयां उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही शासकीय आदिवासी स्कूल, छात्रावास एवं नवीन बोर्ड स्कूल में अर्बन आरबीएसके टीम की सहायता से सिकलसेल टेस्ट सहित सभी बच्चों का एचबी टेस्ट कर आवश्यक उपचार एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गई।

## सर्पदंश के प्रति जनजागरूकता के लिए बम्हनी में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देशन एवं जिला सेनानी श्रीमती रजनी खटीक के मार्गदर्शन में सर्पदंश से बचाव एवं राहत के लिए 14 जुलाई को लालबर्रा विकासखंड के ग्राम बम्हनी में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस दौरान तहसीलदार श्री कन्हैया लाल तेकाम तथा बम्हनी स्कूल का शिक्षक स्टॉफ भी शामिल रहा। लालबर्रा विकासखंड अंतर्गत ग्राम बम्हनी के शासकीय स्कूल में 14 जुलाई को सर्पदंश से होने वाली घटना से किस प्रकार बचा जा सकता है इस पर कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस दौरान स्कूल के विद्यार्थियों के साथ सभी शिक्षक स्टॉफ को बताया गया कि सर्पदंश से होने वाली घटना एवं घटना में सावधानियाँ, लक्षण, आपातकालीन नम्बर एवं पीडित व्यक्ति को अस्पताल ले जाने के उपाय के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में शिक्षक, स्कूली विद्यार्थियों एवं ग्रामीणजनों सहित लगभग 40 व्यक्ति उपस्थित रहे। इस जन जागृति कार्यशाला के प्रभारी महेश कुमार उइके, कमलेश मेरावी, राजेश धुर्वे, आशीष खरोले, होमगार्ड सैनिक क्र. 214 युवराज ठाकरे एवं वाहन चालक मुलेन्द्र आड़े उपस्थित रहे।

## बैंकिंग कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।**
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट मुख्यालय द्वारा 14 जुलाई 2025 को कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक मृणाल मीणा के मार्गदर्शन में प्र.मुख्य कार्यपालन अधिकारी पी.जोशी द्वारा बैंकिंग कार्यों की समीक्षा करते हुए शाखा प्रबंधको, पर्यवेक्षको, संस्था प्रबंधको और समिति कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर राजेश नगपुरे विभाग प्रमुख फिल्ड, सारंग बिसेन, अमरेश परिहार इन्वेटरी मैनेजर, राजनंदनी परिहार, नीरज बिसेन सहकारी प्रशिक्षु उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान जोशी ने निर्देशित किया कि खाद का वितरण नियमानुसार करे। इसके अलावा खरीफ ऋण वितरण, पैक्स कम्प्यूटराईजेशन, खातो को आधार से लिंक, अटल पेंशन योजना,



प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से अधिक अधिक हितग्राहियों को इस योजना में शामिल करने के लिए शाखावार लक्ष्य प्रदाय किया गया था, जिसकी विस्तार से समीक्षा की गई। इसी तारतम्य में केआरपी पोर्टल में प्रविष्टि, खरीफ 2025 में फसल बीमा, रुपे केसीसी कार्ड वितरण, समितियों के पुर्नगठन और मध्यमकालीन ऋण प्रकरणों में गति के साथ कार्य करने निर्देशित किया। श्री जोशी ने कहा कि बैंक मुख्यालय से दिए गए लक्ष्यों को समय-सीमा में पूर्ण करे अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।

## 90 दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के तहत प्रचार प्रचार वाहन को किया गया रवाना

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** कार्यपालक अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा अध्यक्ष मीडिएशन एवं कंसीलिएशन प्रोजेक्ट कमेटी नई दिल्ली के मागदर्शन में नालसा तथा एमसीपीसी नई दिल्ली द्वारा संपूर्ण भारत में 01 जुलाई 2025 से 90 दिवसीय राष्ट्र के लिए मध्यस्थता नामक एक विशेष मध्यस्थता अभियान आयोजित किया गया है। जिसके संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीष व अध्यक्ष श्री प्राणेश कुमार प्राण के द्वारा 'राष्ट्र के लिए मध्यस्थता' 90-दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के अंतर्गत जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।



प्राणेश कुमार प्राण ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और एमसीपीसी द्वारा शुरू किए गए 'राष्ट्र के लिए मध्यस्थता' 90-दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के अंतर्गत जन-जागरूकता के लिए प्रचार-प्रसार वाहन को रवाना किया गया है। यह अभियान वैकल्पिक विवाद समाधान के ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रचार-प्रसार वाहन आमजन को मध्यस्थता के लाभ के बारे में जानकारी प्रदान करेगा। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीष रघुवीर प्रसाद पटेल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीष कुमार सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीष शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट अविनाश छारी, शुभम जैन, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीतेन्द्र मोहन धुर्वे, मीडिटर अधिवक्ता, डिफेंस काउंसिल्स आदि उपस्थित रहें।

## एपीसी ने परसवाड़ा विकासखंड की शालाओं का किया निरीक्षण, चाइल्ड ट्रेकिंग ऐप पर गृह संपर्क कर प्रविष्ठियां करने के निर्देश

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** जिला शिक्षा केंद्र से एपीसी योगेश बिसेन एवं एपीसी सुषमा वासनिक ने 14 जुलाई को परसवाड़ा विकासखंड की लौगुर, टंटा टोला, दीना टोला, खमरिया, मलोलमट्टा, खुरमुंडी की शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया एवं शिक्षकों को नामांकन, पुस्तक वितरण, चाइल्ड ट्रेकिंग ऐप पर गृह संपर्क कर प्रविष्ठियां करने के निर्देश दिये। इस दौरान गणवेश, साइकिल, छात्रों एवं शिक्षकों की समय पर उपस्थिति, पाठ्यक्रम निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गये।

## भिक्षावृत्ति रोकथाम के लिए कन्या हाई स्कूल हिर्री में जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीणा निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला सोलंकी के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर बालाघाट द्वारा मिशन शक्ति एवं बाल भिक्षावृति की रोकथाम के लिए 20 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 14 जुलाई 2025 को किरनापुर विकासखंड के शासकीय कन्या हाईस्कुल हिर्री में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा को बड़ावा देना, शिक्षा के प्रति जागरूकता ड़ैलाने, बाल भिक्षावृति रोकथाम, बाल संरक्षण से जुडी योजनाओं, पोक्सो अधिनियम, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। भिक्षावृति में लिप्त परिवारों के द्वारा नवजात शिशुओं एवं छोटे बच्चो के जरिये भीख मांगने/मंगाने का कार्य किया जाता है जो बच्चो के हित में नही होने के साथ-साथ उनके लिए अत्यंत जोखिमपूर्ण एवं विकास में बाधक है, किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 76 अंतर्गत यदि कोई व्यक्ति 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे को भीख मांगने के लिए नियोजित करता है या करवाता है, तो उसे 5 वर्ष तक के कारावास तथा 01 लाख रुपये तक के जुर्माने के दंड का प्रावधान है एवं देखरेख एवं संरक्षण की आवश्कताओ वाले बच्चों की पहचान कर बच्चो के पुनर्वास के लिए उन्हें बाल कल्याण समिति की जानकारी दी गई।